R.N.I. Rg. No. : 35394/77 E-mail : dvp.jhs@gmail.com / vishwapariwar@rediffmail.com Web. : www.dainikvishwapariwar.com

# दैनिक विश्व परिवार

झांसी (उ.प्र.) एवं रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित

• अंक : 85 • वर्ष : 48 • झाँसी : गुरूवार 18 जनवरी, 2024 • पृष्ठ : 08 • मूल्य : 4 रूपए • संस्थापक : कीर्तिशेष श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**

उस पछतावे के साथ मत जागिए जिसको आप कल पूरा न कर सके, उस संकल्प के साथ जागिए जिसे आपको आज पूरा करना है।

आर्यिका श्री 105 पूर्णमति माता जी





## प्राण प्रतिष्ठा समारोह : मंदिर परिसर पहुंची रामलला की अचल मूर्ति

### गर्भगृह में श्रीरामयंत्र की हुई स्थापना

**अयोध्या (एजेंसी)।** राम मंदिर में जिस मूर्ति की स्थापना होनी है, भारी सुरक्षा के बीच वह मंदिर परिसर के अंदर पहुंच गई है। ट्रक में रखकर उसे पीली बरसाती ढककर सुरक्षा दस्ते के साथ अंदर लाया गया।

प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान के दूसरे दिन रामलला की चांदी की मूर्ति को राममंदिर परिसर का भ्रमण कराया गया है। पहले रामलला की अचल मूर्ति को जन्मभूमि परिसर में भ्रमण कराने की योजना थी। सुरक्षा कारणों और मूर्ति का वजन अधिक होने की वजह से परिसर भ्रमण की रस्म रामलला की छोटी रजत प्रतिमा को लेकर पूरी कराई गई। इसी के साथ गर्भगृह में श्री रामयंत्र की स्थापना हुई। इस मौके पर मुख्य यचमान अनिल मिश्र मौजूद रहे।

10 किलो वजनी चांदी से बनी रामलला की प्रतिमा को मुख्य यजमान डॉ अनिल मिश्रा ने पालकी पर विराजमान कर मंदिर के अंदर व मंदिर के चारों तरफ भ्रमण कराया। मंदिर परिसर वैदिक मंत्रोंच्चारों से गूंजता रहा। आचार्यों व मंदिर निर्माण में लगे इंजीनियरों व सुरक्षा कर्मियों ने प्रतिमा पर पुष्पवर्षा की। विहिप के संरक्षक मंडल के सदस्य दिनेश चंद्र व मुख्य यजमान डॉ अनिल मिश्र ने रामलला की रजत प्रतिमा का पूजन किया।निर्मोही अखाड़ा के महंत दिनेंद्र दास और पुजारी सुनील दास ने गर्भगृह में सिंहासन की पूजा की।

रामलला की अचल मूर्ति बुधवार की देर शाम विवेक सृष्टि परिसर से भारी सुरक्षा में राम जन्मभूमि परिसर पहुंचाई गई। अचल मूर्ति को बंद ट्रक में विराजमान कर ले जाया गया। सुरक्षा में पीएसी के दो सौ जवान, एटीएस की टीम और पुलिस अधिकारी शामिल रहे। अचल मूर्ति को सोने के सिंहासन पर बृहस्पतिवार को विराजित किया जाएगा। गर्भगृह में सिंहासन बनकर तैयार है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अनुष्ठान के दूसरे दिन का शुभारंभ शुभ मुहूर्त में दोपहर 1.20 बजे सरयू तट पर कलश पूजन के साथ हुआ। मुख्य यजमान डॉ अनिल मिश्र ने संकल्प लेकर सपत्नीक कलश पूजन किया। इस दौरान कुल दस कलशों का पूजन हुआ। इसके बाद 21 मातृ शक्तियों ने जल कलश यात्रा निकाली। मुख्य कलश को राम जन्मभूमि परिसर में बने यज्ञमंडप में स्थापित किया गया है। उधर, रामलला के नवनिर्मित गर्भगृह में श्रीरामयंत्र की स्थापना के साथ ही प्राण प्रतिष्ठा के कर्मकांड का शुभारंभ कर दिया गया है। करीब 40 मिनट तक काशी के सात आचार्यों ने विधि विधान पूर्वक तीर्थ पूजन, कलश पूजन, वर्धिनी पूजन संपन्न कराया।

जब यह मूर्ति मंदिर कैंपस में लायी गयी उस समय भारी मात्रा में पुलिस दल मौजूद थे। पुलिस के अलावा सुरक्षा में लगी अन्य एजेंसियां के जवान भी आधुनिक हथियारों के साथ मौजूद रहे।

## 250 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चल रहीं जेट स्ट्रीम हवाएं, अगले पांच दिनों तक होगा गलन का कहर

*नई दिल्ली (एजेंसी)। मौसम विभाग के मुताबिक भारत के ज्यादातर राज्यों में सबसे ज्यादा ठंड पड़ने का अनुमान लगाया गया। इस वजह से न सिर्फ दिन बल्कि रात के तापमान में भी तेजी से गिरावट दर्ज हो सकती है। विभाग के मुताबिक 250 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली ये जेट स्ट्रीम हवाएं अगले पांच दिनों तक समुद्र तल से 12 किलोमीटर ऊपर बहती रहेंगी।*

*अगले पांच दिनों तक सबसे ठंडी हवाएं और गलन का कहर पड़ने वाला है। हवाओं की रफ्तार 140 समुद्री मील यानी तकरीबन 250 किमी प्रति घंटे की रफ्तार रहने वाली है। उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में समुद्र तल से तकरीबन 12 किलोमीटर ऊपर तेज गति से चल रहीं जेट स्ट्रीम हवाओं का असर मैदानी इलाकों में सबसे ज्यादा ठंडे दिनों के तौर पर होने वाला है। मौसम विभाग के मुताबिक भारत के ज्यादातर राज्यों में सबसे ज्यादा ठंड पड़ने का अनुमान लगाया गया। इस वजह से न सिर्फ दिन बल्कि रात के तापमान में भी तेजी से गिरावट दर्ज हो सकती है। विभाग के मुताबिक 250 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली ये जेट स्ट्रीम हवाएं अगले पांच दिनों तक समुद्र तल से 12 किलोमीटर ऊपर बहती रहेंगी। जिसका सीधा असर मैदानी भागों में पड़ेगा।*




*विभाग के वैज्ञानिकों की मानें, तो समुद्र तल से तकरीबन बारह किलोमीटर ऊपर इस वक्त तकरीबन 140 से 160 समुद्री मील (ढाई सौ से पौने तीन सौ किलोमीटर) प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं बह रही हैं। मौसम विभाग के वैज्ञानिक दिवेश पटेल कहते हैं कि जेट स्ट्रीम हवाओं के चलते मैदानी इलाकों में ठंड बढ़नी शुरू हो जाएगी। उनका कहना है कि भारत खासतौर से मैदानी इलाकों में इसकी वजह से न सिर्फ गलन बढ़ेगी, बल्कि जेट स्ट्रीम हवाओं के लगातार बने रहने से न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज हो सकती है। जबकि दिन में चलने वाली ठंडी हवाओं से गलन बढ़ेगी। मौसम विभाग के अनुमान के मुताबिक बुधवार से लेकर रविवार तक यह जेट स्ट्रीम हवाएं इसी गति से वायुमंडल में बहती रहेंगी, जिसका सीधा-सीधा असर उत्तर भारत के मैदानी इलाकों पर पड़ता रहेगा। जिसमें पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली-एनसीआर, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और उत्तराखंड के मैदानी इलाकों में पड़ेगा।*

*मौसम विभाग के मुताबिक जेट स्ट्रीम हवाओं का असर पहाड़ी इलाकों पर भी पड़ने वाला है। अनुमान के मुताबिक ऊपरी हिस्से में बर्फबारी और मध्य हिमालय के निचले हिस्से में बारिश का अनुमान लगाया जा रहा है।*

## भाजपा कार्यालय में घुसा डिग्री कॉलेज का बाबू, मूर्तियां न खरीदने पर प्लंबर पर तानी पिस्टल

**लखनऊ (एजेंसी)।** कॉलेज का बाबू शराब के नशे में था और प्लंबर पर अयोध्या से लाई मूर्तियां खरीदने का दबाव बना रहा था। न खरीदने पर उसने प्लंबर पर पिस्टल तान दी।

भाजपा कार्यालय में सोमवार रात नशे में धुत एक शख्स घुस गया और वहां के प्लंबर से गाली गलौज करने लगा। विरोध पर लाइसेंसी पिस्टल निकालकर उस पर तान दी। इसी बीच पुलिसकर्मी वहां पहुंच गए और आरोपी को दबोच लिया। पुलिस ने शांतिभंग की कार्रवाई कर आरोपी को जेल भेजा। साथ ही पिस्टल जब्त कर संबंधित जिले के



डीएम को शस्त्र लाइसेंस निरस्तीकरण की रिपोर्ट भेजी। जानकीपुरम निवासी उदयभान भाजपा कार्यालय में प्लंबर का काम करते हैं। सोमवार रात करीब आठ बजे एक शख्स उनके पास पहुंचा। उसने अपना नाम दीपक कुमार तिवारी बताया। वह सुल्तानपुर के कूरेभार थाना क्षेत्र के टिकर गांव का रहने वाला है। आरोप है कि वह नशे में धुत था। उसने उदयभान से कहा कि वह अयोध्या से कुछ मूर्तियां लेकर आया है। वह उदयभान पर मूर्तियां खरीदने को लेकर दबाव बनाने लगा। उदयभान ने मना कर दिया, लेकिन वह पीछे पड़ा रहा। जब उदयभान ने विरोध किया तो वह गाली गलौज कर धमकी देने लगा।

## मणिपुर के मोरेह में सुरक्षाबलों पर हमला, 3 की मौत

◆ **उपद्रवियों ने पुलिस चौकी पर बम फेंके, राज्य सरकार ने केंद्र से हेलिकॉप्टर मांगे**

**इम्फाल (एजेंसी)।** मणिपुर के मोरेह इलाके में बुधवार (17 जनवरी) की सुबह उग्रवादियों ने सुरक्षाबलों की गाड़ी पर हमला कर दिया। इसमें दो जवानों की मौत हो गई। इसके अलावा एक कुकी समुदाय की महिला की जान चली गई। हमलावर कुकी समुदाय के ही जा रहे हैं। हमले में 3 जवान गंभीर रूप से घायल हुए हैं। फिलहाल उनका इलाज जारी है। पुलिस ने बताया कि बुधवार सुबह मोरेह में सुरक्षाबलों और उग्रवादियों के बीच तीन अलग-अलग जगहों पर मुठभेड़ हुई। उपद्रवियों ने मोरेह SBI के पास सुरक्षाबलों की एक चौकी पर बम फेंके और गोलीबारी की। उग्रवादियों ने अस्थायी कमांडो पोस्ट पर गोले भी दागे, जिससे आसपास खड़े कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। फिलहाल तेंगनौपाल जिले में कर्फ्यू लगा है।

मोरह में लगातार जारी हिंसा को देखते हुए राज्य सरकार ने केंद्र से मदद मांगी है। कमिश्नर होम टी रंजीत सिंह ने मिनिस्ट्री ऑफ होम अफेयर्स के एडिशनल सेक्रेट्री को लेटर लिखा है। उन्होंने कहा कि यहां हालात बिगड़ते जा रहे हैं।

## पेट्रोल-डीजल 10 रुपए तक सस्ता हो सकता है

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव से पहले पेट्रोल-डीजल 10 रुपए तक सस्ता हो सकता है। इसकी वजह है कच्चे तेल के दामों में गिरावट। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस मामले से जुड़े आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि फरवरी में कटौती की जा सकती है। दरअसल, एक साल में क्रूड ऑयल की कीमत में 15 प्रतिशत की गिरावट आ चुकी है, लेकिन ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने इस दौरान दामों को कम नहीं किया है। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने आखिरी बार अप्रैल 2022 में पेट्रोल-डीजल के दाम घटाए थे। अभी देश के ज्यादातर हिस्से में पेट्रोल 100 रुपए और डीजल 90 रुपए प्रति लीटर से ऊपर बने हुए हैं। ये कंपनियां अभी प्रति लीटर करीब 10 रुपए की कमाई कर रही हैं। वित्त वर्ष 2023-24 में अब तक इंडियन ऑयल , भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन का मुनाफा करीब 5 गुना बढ़ा है।

एक्सपर्ट्स के अनुसार, ऑयल मार्केटिंग कंपनियां पेट्रोल और डीजल पर फिलहाल करीब 10 रुपए प्रति लीटर कमाई कर रही हैं। इस लिहाज से देखें तो उनके पास इनकी कीमतें कम करने की पर्याप्त गुंजाइश है। ऐसा करने पर अर्थव्यवस्था को फायदा होगा।



## ओरछा में श्रीरामचरित लीला समारोह का आयोजन

**निवाड़ी।** अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में मध्यप्रदेश संस्कृति विभाग तथा जिला प्रशासन के सहयोग से 17 से 19 जनवरी 2024 तक केशव भवन ग्राउण्ड, ओरछा में श्रीरामचरित लीला समारोह का आयोजन किया जा रहा है। समारोह में कलाकारों द्वारा भक्तिमति शबरी लीला, निषादराज गुहा लीला तथा श्री हनुमान लीला के मार्मिक दृश्य पर आधारित अनेक दृश्यों की प्रस्तुति दी जा रही है।

इसीक्रम में आज केशव भवन ग्राउण्ड ओरछा में सायं 6 बजे से कलाकारों द्वारा भक्तिमति शबरी लीला के मार्मिक दृश्य पर आधारित अनेक दृश्यों की प्रस्तुति दी जायेगी। इसीप्रकार 18 जनवरी को केशव भवन ग्राउण्ड ओरछा में सायं 6 बजे से हिमांशु द्विवेदी ग्रुप, ग्वालियर द्वारा निषादराज गुहा लीला तथा 19 जनवरी 2024 को सतीष दुवे ग्रुप उज्जैन के कलाकारों द्वारा श्री हनुमान लीला की विभिन्न लीलाओं के मार्मिक दृश्य पर आधारित अनेक दृश्यों की प्रस्तुति दी जायेगी।

## रोडवेज की दस हजार बसों में लगेंगे म्यूजिक सिस्टम

◆ **अनवरत बजेगी रामधुन, 15 लाख पैसेंजर लेंगे लुत्फ**

**लखनऊ (एजेंसी)।** यूपी रोडवेज की बसों में म्यूजिक सिस्टम लगाया जाएगा। अयोध्या जाने वाली बसों में पहले से ही सेवा शुरू हो चुकी थी। उत्तर प्रदेश रोडवेज निगम की ओर से बसों में यात्रियों को सुखद अनुभव देने के उद्देश्य से दस हजार बसों में म्यूजिक बॉक्स लगाने की तैयारी है। इसमें रामधुन बजाई जाएगी। जिसका 15 लाख यात्री रोजाना लुत्फ उठा सकेंगे। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठता के बाद श्रद्धालुओं की संख्या में तेजी से वृद्धि होगी। ऐसी उम्मीद परिवहन निगम अफसर लगा रहे हैं। लिहाजा इसे लेकर तैयारियां भी जोरों पर हैं। उप्र रोडवेज



बसों में बड़ा बदलाव होने जा रहा है। अभी तक सिर्फ अयोध्या आने वाली 935 रोडवेज बसों में ही म्यूजिक बॉक्स लगाकर रामधुन बजाई जा रही थी। वहीं अब पूरे प्रदेशभर में चलने वाली 10 हजार से ज्यादा बसों में म्यूजिक बॉक्स लगाने की तैयारी की जा रही है। परिवहन निगम अफसरों ने बताया कि 14 जनवरी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। उसी दिन सीएम ने रोडवेज की सभी बसों में म्यूजिक बाक्स लगाकर रामधुन बजाने के निर्देश दिए थे। जिसके बाद अफसरों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं और बैंक और प्राइवेट कंपनियों के प्रतिधिनियों के साथ बैठक कर सोशल कारपोरेट रेस्पांसबिलिटी सीआरएस फंड के जरिए म्यूजिक बाक्स लगाने की तैयारी कर रहे हैं।

## कांग्रेस और टीएमसी के बीच बढ़ी खटास!

◆ **राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा से दूर रहेगी ममता की पार्टी**

**कोलकाता (एजेंसी)।** कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रही पार्टी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में बंगाल की सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस शामिल नहीं होगी। यात्रा के 27 जनवरी को बंगाल पहुंचने की बात है। बंगाल में यह यात्रा पांच दिनों तक उत्तर बंगाल और दक्षिण को मुर्शिदाबाद जिले तक आएगी, लेकिन इसमें आईएनडीआईए के प्रमुख दलों में से एक तृणमूल कांग्रेस के कोई



नेता शामिल नहीं होंगे, क्योंकि अब तक सीट समझौता नहीं हुआ है।

तृणमूल कांग्रेस के एक नेता ने नाम नहीं छापने के शर्त पर कहा कि फिलहाल कांग्रेस के साथ किसी भी कार्यक्रम में शामिल होने का कोई मतलब नहीं है, क्योंकि गठबंधन पर फैसला नहीं हो पाया है। कांग्रेस सीट समझौते को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं कर रही है। जब तक सीट समझौते का फॉर्मूला साफ नहीं होगा तब तक इसमें शामिल नहीं होंगे। दरअसल, भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होने के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आईएनडीआईए में शामिल सभी दलों के प्रमुखों को पत्र लिखकर अपील की है। मुख्यमंत्री व तृणमूल सुप्रीमो ममता बनर्जी को भी पत्र मिला है। सूत्रों ने बताया कि बंगाल में मालदा दक्षिण और बहरमपुर की दो सीटें छोड़कर तृणमूल राज्य की बाकी 40 सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है।

## यूपी के छह जिलों से अयोध्या धाम के लिए शुरू होगी हेलीकॉप्टर सेवा

**लखनऊ (एजेंसी)।** राम भक्तों के लिए छह जिलों से अयोध्या धाम के लिए हेलीकॉप्टर सुविधा शुरू कर दी गई है। सरकार श्रद्धालुओं को राम मंदिर और अयोध्या के हवाई दर्शन भी कराएगी।योगी सरकार राम भक्तों और पयर्टकों को हेलीकॉप्टर से अयोध्या धाम के दर्शन कराएगी। सरकार प्रदेश के छह जिलों से हेलीकॉप्टर सेवा उपलब्ध कराने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हेलीकॉप्टर सेवा की शुरुआत लखनऊ से करेंगे। सरकार की ओर से प्रदेश के छह जिलों से शुरू होने वाली हेलीकॉप्टर सेवा प्रदाता ऑपरेटर का चयन किया गया है, जो ऑपरेशनल मॉडल पर हेली सर्विसेस की सेवाएं प्रदान करेगा। राम भक्तों और पर्यटकों को हेलीकॉप्टर सेवा गोरखपुर, वाराणसी, लखनऊ, प्रयागराज, मथुरा और आगरा से मिलेगी। वहीं आने वाले समय में प्रदेश के अन्य जिलों से भी इस सुविधा को जल्द शुरू किया जाएगा। इतना ही नहीं, योगी सरकार श्रद्धालुओं को अयोध्या नगरी और राम मंदिर के हवाई दर्शन भी कराएगी। इसकी जिम्मेदारी पर्यटन विभाग को दी गई है। इस सुविधा के लिए श्रद्धालुओं को पहले से बुकिंग करानी होगी।

नव वर्ष के सुनहरे अवसर पर ई रिक्शा खरीद पर पायें अनेकों इनाम




पता-1012, शिवपुरी रोड, के.टी.एम. शोरूम के पास, झाँसी सम्पर्क-9125536699

## बाजार में सभी का भाव जानने वालो अपना भाव भी तो जानो : आर्यिका स्वस्ति भूषण माताजी

### सदर बाजार जैन मंदिर में माता जी ने भक्तों को झकजोरा

**झांसी (विश्व परिवार)।** सोने का भाव क्या है? शक्कर का भाव क्या है? कार, मोटरसाइकिल, भवन, उपवन सभी के भाव तुम जानते हो या पता लगा लेते हो कभी अपना यानी स्व का भाव भी जानने का पुरुषार्थ करो इस दिशा में सोचो और चिंतन करो तो बाहर के भाव गौण हो जाएंगे और इस आत्मा का स्वभाव पता चलते ही तुम वह प्राप्त कर लोगे जो अभी तक अप्राप्त रहा है।

वंदनीय आर्यिका स्वस्ति भूषण माताजी ने यह संदेश श्री दिगंबर जैन पंचायती मंदिर सदर बाजार में भक्तों के बीच दिया।

उन्होंने कहा कि जैसे पानी में लाल हरा पीला नीला काला रंग मिला देने पर जो पानी का रंग बनता है वह वस्तुतः पानी का रंग नहीं है ऐसे ही यह आत्मा परम शुद्ध निर्मल है लेकिन इसमें क्रोध मान माया लोभ राग द्वेष आदि मिल



जाने के कारण इसका स्वरूप पता नहीं चलता उसे पता करने के लिए तुम्हें धर्म के 10 लक्षण समझना होंगे।

उत्तम क्षमा के द्वारा जो चित्त में शांति आती है वह अनूठी है उसको प्राप्त कर लेने के बाद क्रोध विदा ले जाता है और सृष्टि में जो कुछ भी दिखाई पड़ता है उसके प्रति आपके भाव निर्मल होते हैं ।आप सभी के भले का विचार करते हैं दूसरे की भूलों को क्षमा करते हैं और जैसे ही आप क्षमाशील होते हैं आपकी आत्मा से क्रोध का रंग उड़ जाता है। अभिमान, मायाचारी लोभ परिग्रह आदि यह सब पाप के रंग हैं इन्हें अपने जीवन में जितना हो सके दूर करो और मनुष्य जन्म को सार्थक करने की दिशा में आगे बढ़ो।

माताजी ने कहा कि मनुष्य जीवन अमोल है 84 लाख योनियों में जाकर जीव दुर्लभ मनुष्य जन्म प्राप्त करता है और यहां आकर अपनी आत्मा के स्वभाव को नहीं जानते हुए सिर्फ बाहर बाहर के कामों में लिप्त रहता है इससे बड़ी अज्ञानता और क्या होगी ।

उन्होंने सभी को मैत्री भाव रखने और उत्तम क्षमा को जीवन में आचरण में लाने पर बल दिया। मंगलाचरण श्रीमती प्रतिभा जैन ने संचालन पंडित विवेक जैन ने किया।

इस अवसर पर सिंधई सुमत चन्द जैन विजय कुमार जैन कासलीवाल राजेंद्र जैन बढ़जात्या प्रवीण कुमार जैन ,कमलेश जैन पुष्पेंद्र जैन विजय जैन नितेश जैन श्रीमती प्रमिला जैन श्रीमती ललिता जैन श्रीमती देवी जैन डॉ राखी जैन सीमा जैन पवन जैन प्रदीप जैन लाल चंद्र जैन दीपक जैन आकाश जैन विकास जैन आदि उपस्थित रहे। माता जी का संघ शाम को पद बिहार कर नगरा जैन मंदिर पहुंचा कल प्रातः माता जी नगरा से पद बिहार कर दिगंबर जैन पंचायती बड़ा मंदिर की में पधारेंगीं। यहां प्रवचन सभा व आहारचार्य के साथ दोपहर में तत्व चर्चा संपन्न होगी।



## संक्षिप्त समाचार

### नवनिर्वाचित मण्डल अध्यक्ष का किया स्वागत

**गुरसरांय।** भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त गुरसराय मंडल अध्यक्ष आशीष खरे को बनाये जाने पर कार्यकर्ताओं ने माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर हर्ष व्यक्त किया एवं जिला एवं शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर जितेन्द्र कुशवाहा, विजय सिंह अस्ता, ललित पटेल, राम जी सोनी, अभिनेंद्र सिंह चौहान, राजकुमार रिछारिया, मुन्नी दाऊ, गोविंद भदौरिया, अनिल नायक, आदि लोग उपस्थित रहे।

### गुरु गोविंद सिंह को किया याद

**गुरसराय ।** श्री महावीर बाल शिक्षा संस्कार केंद्र इंटर कॉलेज गुरसराय में गुरु गोविंद सिंह जयंती मनाई गई । इस अवसर पर प्रधानाचार्य रामकुमार सिंह परिहार ने गुरु गोविंद सिंह जी के त्याग और बलिदान की गाथा का वर्णन किया। उनके द्वारा देश के लिए किए गए त्याग और समर्पण के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। वहीं संजय तिवारी ने गुरु गोविंद सिंह जी के द्वारा किए गए देश हित में कार्यों का वर्णन किया ।

इस अवसर पर इंग्लिश मीडियम प्रिंसिपल नूतन गौर, प्रवेश जैन ,अंकित पांचाल, गजेंद्र सिंह, प्रदीप श्रोतिय प्रधानाध्यापक जूनियर हाई स्कूल ,रविकांत पटेल प्राइमरी प्रधानाध्यापक ,रविंद्र गुप्ता, पर्वत पटेल, आनंद पटेल आदि उपस्थित रहे।

### न्यायिक अधिकारियो ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

**चित्रकूट।** जिला जज विकास कुमार प्रथम, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सूर्यकान्त धर दुबे, जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बुधवार को जिला कारागार का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आकस्मिक रुप से चिन्हित कर बंदी बैरिकों, भोजनालय, अस्पताल का निरीक्षण मे निर्देष दिये कि निरूद्ध बंदियों का समय समय स्वास्थ्य परीक्षण कराते रहे। निरीक्षण के दौरान सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

### ग्राम सुरक्षा समिति की बैठके संपन्न

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों के ग्रामों में ग्राम सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई।

समिति सदस्यों को बताया कि अपने गांव में सक्रिय रहे ताकि सर्दी का लाभ उठाकर चोरी, छिनैती, लूट आदि जैसी घटना न घटित हो पाए साथ ही अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु पुलिस से त्वरित समन्वय स्थापित करने हेतु कहा गया। बैठक के दौरान ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं ग्राम सुरक्षा समिति सदस्य मौजूद रहे।

### पुरवा तरौहां मे शानदार मैचो का हो रहा आयोजन

**चित्रकूट।** पुरवा तरौहां में क्रिकेट टूर्नामेंट का पहला मुकाबला भगत सिंह स्पोर्टिंग क्लब पुरवा तरौहां और सरदार बल्लभ भाई पटेल स्पोर्टिंग क्लब नारायणपुर के बीच खेला गया। जिसमे भगत सिंह स्पोर्टिंग क्लब पुरवा तरौहां ने जीत हासिल कर अंडर 14 टूर्नामेंट फाइनल में प्रवेश किया। भगत सिंह स्पोर्टिंग क्लब के 18 रन और 4 विकेट लेने वाले मनीष तिवारी को मैन ऑफद मैच घोषित किया गया। चौथा लीग मैच मैच पुरवा तरौहां और कोठीलीहाई के बीच हुआ जिसमें पुरवा तरौहां ने जीत हासिल की। 10 रन और 5 विकेट लेने वाले पुरवा तरौहां के खिलाड़ी सोनू को मैन ऑफद मैच पुरस्कार गोरेलाल गौतम, राजेश कोटार्य द्वारा दिया गया। मैच अंपायर लोकनाथ और राहुल यादव, कॉमेंटेटर इब्रान खान, रमेश मिश्रा, स्कोरर मनीष और रामकुमार रहे।

इस मौके पर ओमशंकर, अजय यादव, गौरव मिश्रा, शरीफखान, गोपाल मिश्रा, हिमांशु रहे। आज कर्वी और धाता के बीच मुकाबला होगा।

### जेल परिसर मे रामकथा का आयोजन

**चित्रकूट।** प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम से कारागार में निरुद्ध बंदियों जनकल्याण, सत्कार्य की भावना विकसित करने के उद्देश्य से कारागार में जिला जज विकास कुमार प्रथम, जिलाधिकारी अभिषेक आनंद, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, अपर जिला जज फारूक इनाम सिद्दीकी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सूर्यकांत दुबे ने दीप प्रज्वलित कर रामकथा का शुभारंभ किया। राजराजेश्वरी धर्मार्थ ट्रस्ट अयोध्या कीी देवी राजराजेश्वरी ने रामकथा सुनायी। महंत अखिलेश दास की महती भूमिका रही।

इस अवसर पर जेल अधीक्षक शशांक पांडे, जेलर संतोष कुमार वर्मा, जेल चिकित्सा अधिकारी डॉ रामानुज सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### गुरू गोविन्द सिंह की मनायी जयंती

**चित्रकूट।** राजकीय संप्रेक्षण गृह किशोर में गुरु गोविन्द सिंह जयन्ती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड, अंजालिका प्रियदर्शिनी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। योगाचार्य संजय कुमार ने सभी संवासियो को गुरू बन्दना के साथ गुरु गोविन्द सिंह के आदर्शों वचनो के साथ जीवन में उनकी शिक्षाओं को आत्मसात करने के लिये कहा। प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड अंजालिका प्रियदर्शनी ने सभी संवासियो को गुरु गोविन्द सिंह के जन्म के महत्व पर प्रकाश डाला।

इस मौके पर सहायक अधीक्षक वीर सिंह, सदस्य किशोर न्याय बोर्ड शिवशंकर त्रिपाठी, अर्चना श्रीवास्तव, अंजना, परामर्शदाता दीपक शर्मा, अमोद कुमार पटेल आदि उपस्थित रहे।

### पुरूषोत्तम इण्टर कालेज मऊ मे संकल्प यात्रा का आयोजन

**चित्रकूट।** नगर पंचायत मऊ द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन पुरुषोत्तम इंटर कॉलेज मऊ में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी एवं नगर पंचायत मऊ अध्यक्ष श्री अमित द्विवेदी रहे। कार्यक्रम मे योगी सरकार द्वारा चलाई जा रही है जन कल्याणकारी योजनाओं की विस्तार पूर्वक आम जनमानस को जानकारी दी गई और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। स्वीकृति पत्र भी बांटे गए।

कार्यक्रम में एसडीएम मऊ राकेश कुमार पाठक, अधिशासी अधिकारी बालकृष्ण गौतम, नायब तहसीलदार मऊ विवेक कुमार, जिला कार्यक्रम प्रबंधक शिवा कुमार स्वच्छ भारत मिशन, डूडा विभाग जेई सुनील कुमार आदि मौजूद रहे।

### धर्मनगरी के मंदिरो मे हो रहा भजन-कीर्तन

**चित्रकूट।** अयोध्या में रामलला की स्थापना को लेकर धर्मनगरी में रामघाट स्थित यज्ञवेदी मंदिर, तोतामुखी हनुमान मंदिर और पर्णकुटी में दीपोत्सव, पूजन और संकीर्तन का कार्यक्रम हुआ अब तक आठ स्थानों पर कार्यक्रम हुए 22 जनवरी तक 22 स्थानों पर यह क्रम चलेगा।

बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह और मत्तगजेंद्रनाथ मंदिर ट्रस्ट कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप दास महराज द्वारा संयुक्त रूप से कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। रामघाट के यज्ञवेदी मंदिर में ब्रह्मा जी ने यज्ञ किया था। निर्वाणी अखाडा यज्ञवेदी मंदिर महंत सत्यप्रकाश दास नें दीपोत्सव कार्यक्रम की सराहना की। तोतामुखी हनुमान मंदिर पुजारी मोहितदास और पर्णकुटी के बच्चू महराज ने लोगों से 22 जनवरी को घरों में भव्य दिवाली मनाने की अपील की है।

इस मौके पर प्रदीप द्विवेदी, अखिलेश त्रिपाठी, अम्बिका द्विवेदी, जगरूप पाठक, युवा व्यापार मंडल महामंत्री अंकित पहारिया, पुष्पराज विश्वकर्मा, कर्वी माफ़ी प्रधान बद्री सिंह पटेल मौजूद रहे।

### वारंटी दबोचा

**चित्रकूट।** थाना मऊ उनि कृपानन्दन शर्मा, आरक्षी मो0 अदनान ने आर्म्स एक्ट वारंटी भईयन पुत्र बदलू निवासी ग्राम बरवार को गिरफ्तार किया।

### शोक जताया

**गुरसरांय।** ग्राम खड़ौरा निवासी रज्जन पाठक के पिताजी पूर्व ग्राम्य विकास अधिकारी पं राम सनेही पाठक बब्बा जी का निधन हो गया है। सभी गांव वासियों की ओर से गहरा दुख व्यक्त किया गया।

# शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने बैठक कर विभिन्न समस्याओं पर की चर्चा

## समस्याओ को लेकर अध्यापक करेंगे विरोध प्रदर्शन

**बांदा ।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष मंत्री,संघर्ष समिति के ब्लाक अध्यक्ष मंत्री तथा तहसील प्रभारियों,सह प्रभारियों तथा जनपदीय पदाधिकारियों की बैठक टीचर्स सोसाइटी में जिलाध्यक्ष आशुतोष त्रिपाठी की अध्यक्षता में संपन्न हुई।जिसमे शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई ।बैठक में शिक्षको की ड्यूटी गैर शैक्षणिक कार्यों में लगाए जाने का विरोध किया गया।बैठक में निर्णय लिया गया की शीघ्र उच्चाधिकारियों से मिलकर शिक्षकों की गरिमा के विपरित कार्य में ड्यूटी लगाए जाने पर विरोध दर्ज कराया जायेगा तथा भविष्य में पुनरावृत्ति होने पर ऐसे कार्यों का बहिष्कार करते हुए संगठन अग्रिम कदम उठाने को विवश होगा।शिक्षक मर्यादा के विरुद्ध ड्यूटीयां लगाए जाने के विरोध में कल सभी शिक्षक / शिक्षिका काले कपड़े पहन कर अपने कार्यस्थल जायेंगे और सांकेतिक विरोध दर्ज कराया जायेगा। जिला मंत्री प्रजीत सिंह ने कहा की अपने मुद्दों के लिए संघर्ष सतत जारी रहेगा।संयुक्त मंत्री जय किशोर दीक्षित ने कहा की जनपद में शिक्षको को समस्याविहीन और शिक्षण व्यवस्था को शिखर पर ले जाने का संकल्प संगठन द्वारा किया गया है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमाशंकर यादव ने कहा की विद्यालयों के निरीक्षण के दौरान निरीक्षण कर्ता शिक्षकों की उपस्थित या अनुपस्थित देखने के साथ साथ उस विद्यालय की अन्य समस्याओं को सुने भी और



समाधान करना सुनिश्चित करे ताकि शिक्षको का मनोबल बढ़े और अधिक तन्मयता के साथ कार्य कर सकें। कोषाध्यक्ष रामसुफल कश्यप ने कहा की जनपद के अंदर पारस्परिक स्थानांतरण वाले शिक्षक जो बीएलओ है उनके आदेश निरस्त कर दिए गए है,जबकि उनको यथावश्यक शपथ पत्र लेकर कार्यमुक्त किया जा सकता था,, जिलाध्यक्ष ने बताया की समस्या से प्रांतीय नेतृत्व ,जनपदीय अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है शीघ्र ही बेहतर परिणाम की संभावना है जनपदीय संगठन मंत्री सुनीता प्रजापति ने कहा की अनेक विद्यालयों और विद्यालयों तक के पहुंच मार्ग पर अतिक्रमण कर लिया गया ,,,शिक्षकों द्वारा उसकी शिकायत किए जाने के बाद भी सही समय पर उन पर कार्यवाही नही की जा रही है,जिससे विद्यालय तक पहुंचना मुश्किल हो गया है । जिलाध्यक्ष आशुतोष त्रिपाठी ने बताया की अनेक समस्याओं की जानकारी जिलाधिकारी को प्रदान की गई है ,,शीघ्र पुनः उच्चाधिकारियों से मिलकर उनका समाधान भी कराया जायेगा। बैठक में अंजना तिवारी डा नंदिता चौहान, संगीता सिंह,विनीता यादव, आराधना गौतम पूजा त्रिवेदी,रमेश सिंह पटेल ,सहित समस्त ब्लाक अध्यक्ष मंत्री,सभी ब्लाक के संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष,मंत्री ,तहसील प्रभारी,सह प्रभारी तथा जनपदीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### श्रीराम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा के तहत हुआ संगीतमय सुंदरकांड का पाठ

**गुरसराय ।** उत्तरप्रदेश शासन के द्वारा श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा को लेकर नगर के मंदिरों में संगीतमय सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा के पाठ प्रारंभ हो गए हैं ।उसी के तहत नगर पालिका परिषद गुरसरांय के तत्वाधान में तालाब स्थित नरसिंह मंदिर पर संगीतमय सुंदरकांड का पाठ मां शारदा संगीत विद्यालय के तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष जयपाल सिंह राजू चौहान एवं अधिशाषी अधिकारी अरविंद कुमार ने दीप प्रज्वलित करके किया।संगीतमय सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा का शास्त्रीय संगीत की राग रागिनी में वाचन सितारवादक पं सरजू शरण पाठक,प्रमोद कुमार गोस्वामी , नाल वादक देवेंद्र सिंह घोष , अखिलेश कुमार तिवारी सुट्टा ,जगमोहन समेले, प्रभात कुमार माथुर सुनील सेन ,सुरेन्द्र कुमार मिश्रा आदि ने किया ।कार्यक्रम की आरती मंदिर के पुजारी गोविंद राम तिवारी मंटू महाराज ने की। अधिशासी अधिकारी अरविंद कुमार ने बताया कि यह कार्यक्रम निरंतर 22 तारीख तक चलते रहेंगे।

## युवक ने लाज के कमरे में फांसी लगाकर जान दी

### खुदकुशी करने से पहले कागज और दीवार पर लिखा सुसाइड नोट,पुलिस जाँच में जुटी

**बांदा।** शहर के एक लाज में कमरा लेकर ठहरे युवक ने मंगलवार की रात को चद्दर से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह दरवाजा न खुलने पर मैनेजर ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने किसी तरह से दरवाजा खोलकर देखा तो चद्दर के फंदे पर पंखे के सहारे शव लटक रहा था। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। एक सुसाइड नोट भी पुलिस को बरामद हुआ है। सुसाइड नोट कमरे की दीवार पर भी लिखा हुआ था।

फतेहपुर के ललौली थानांतर्गत दतौली निवासी सोमप्रकाश उर्फ सोनू 34 पुत्र रजवंत सिंह ने स्टेशन रोड स्थित एक लाज में मंगलवार को कमरा बुक कराया था। रात को वह वहीं ठहरा था। बुधवार की सुबह जब सुबह 10 बजे तक कमरा नहीं खुला तो लाज के कर्मचारी ने दरवाजा खटखटाने के साथ आवाज लगाई, लेकिन अंदर से कोई हरकत नहीं हुई। मैनेजर अनवर ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और किसी तरह से दरवाजा खोला देखा तो युवक का शव फंदे पर लटक रहा था। पुलिस ने एक सुसाइड नोट भी बरामद किया है। उसमें लिखे नंबरों पर परिजनों को सूचना दी। रोते-बिलखते परिजन मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक के पिता रजवंत सिंह ने बताया कि उसका बेटा सोनू सिंह पिछले ढाई वर्ष से बाहर रहता था। उसने घर में कभी फोन भी नहीं किया। उन्हें बेटे के आत्महत्या करने की खबर मिली है। बताया कि सोनू अपने पीछे एक पुत्र बेटू और दो पुत्रियां परी व प्रिया छोड़ गया है। उसकी पत्नी का नाम पिंकी है। इधर मृतक के साले अमित सिंह ने बताया कि मंगलवार रात को सोनू ने उसे फोन किया था कहा था कि बेटू से बात करा दो, रात होने की वजह से यह कहा था कि सुबह बात कराएंगे। मृतक की ससुराल अलिहा बबेरू बताई गई। इधर, आत्महत्या का कारण पता नहीं चल सका है। सीओ सिटी गवेंद्रपाल गौतम का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

## ठंड लगने से स्टेयरिंग में लुढ़क गया ट्रक चालक, मौत

### अतर्रा कस्बे में ट्रक पर लकड़ी लोड करा रहा था राजस्थान का युवक

**बांदा।** जबरदस्त गलन की वजह से तापमापी पारे की सुई चार डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तक पहुंच गई है। शीतलहरी की चपेट में आने से राजस्थान के ट्रक चालक की अतर्रा में स्टेयरिंग सीट पर बैठे-बैठे ही मौत हो गई। इधर, कई लोगों को ठंड की चपेट में आने पर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, वहां उनका उपचार किया जा रहा है। इधर, पुलिस ने ट्रक चालक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है।

राजस्थान के भारतपुर छापर निवासी रुकमुद्दीन खान 39 पुत्र इस्लाम खान ट्रक चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। वह ट्रक लेकर अतर्रा आया था। बुधवार की सुबह वह लकड़ी ट्रक में लोड करा रहा था। ठंड लगने पर वह स्टेयरिंग सीट पर जाकर बैठ गया। वहीं पर उसकी हालत बिगड़ गई और कुछ ही देर में मौत हो गई। बाद में लोगों ने ट्रक चालक को आवाज लगाई तो कोई हरकत नहीं हुई। उसे अस्पताल ले जाया गया, वहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों को सूचना दे दी गई है। लोगों का कहना है कि ठंड लगने से ट्रक चालक की मौत हुई है। इधर, ठंड की चपेट में आने से 14 लोगों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इनमें सोनू 18 महुआ गिरवां, मुन्नीलाल 45 बंगालीपुरा, रामचंद्र 72 डिघवट, चंद्रपाल 60 बरगहनी, प्राची 24 परशुराम तालाब, विक्रम सिंह 34 महोखर, अब्दुल 80 सिंधनकलां, रीता 40 खुटला, अभिलाषा 16 कटरा, रजिया 45 मर्दननाका, गरिमा 11 बिछवाही, शिवप्रसाद 71 रमपुरिया चित्रकूट, हरीशंकर 74 महोखर व शिवलाल 60 निवासी छनेहरा लालपुर शामिल हैं। इन सभी का जिला अस्पताल में उपचार किया जा रहा है।

## नेत्र चिकित्सा शिविर में 213 मरीजों का हुआ परीक्षण

### 14 मरीजों को आपरेशन के लिए भेजा गया जानकी कुंड



**बांदा।** सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय जानकी कुंड के तत्वावधान में समाजसेवी अभिषेक शुक्ला द्वारा जरर गांव में नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की शुरुआत सुबह 10 बजे हुई। शिविर में मोतियाबिंद नाखूना, ग्लूकोमा, दूर दृष्टि दोष, निकट दृष्टि दोष, आंखों से आंसू आना इत्यादि मरीजों की जांच की गई। सामान्य मरीजों को ड्रॉप दिए गए। साथ ही सस्ते दामों पर चश्मे भी उपलब्ध कराए गए। वही जो मरीज गंभीर थे ऐसे 14 मरीजों को ऑपरेशन के लिए जानकी कुंड ले जाया गया। तीन दिन बाद इन मरीजों को वापस गांव में छोड़ दिया जाएगा। चिकित्सा कैंप के आयोजन से गांव वालों को अपने गांव में ही दिखाने का मौका मिला। इस दौरान जानकी कुंड से आई तीन सदस्य डाक्टर की टीम ने मरीजों का परीक्षण किया। डाक्टर ने बताया कि आंख में चोट लगने या किसी भी तरह की समस्या होने पर घरेलू उपचार की जगह डाक्टर को अवश्य दिखाएं। आंखों के साथ किसी भी तरह की लापरवाही ना करें।

# रामतला के सुंदरीकरण हेतु नगर विकास मंत्री ने किया बरचुअल भूमि पूजन

**गुरसराय।** रामतला के सुंदरीकरण का पूजन उत्तर प्रदेश के नगर विकास मंत्री ए के शर्मा ने वीडियो ग्राफी बरचुअल के द्वारा किया। रामतला के सुंदरीकरण हेतु नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष जयपाल सिंह राजू चौहान एवं अधिशासी अधिकारी अरविंद कुमार ने नगर विकास मंत्री ए के शर्मा के साथ वर्चुअल संवाद कर वैदिक मंत्रों से कराया, जिसमें पंडित प्रकाश दीक्षित, पंडित राकेश त्रिपाठी, पार्षद गोविंद प्रताप सिंह सिसोदिया आदि ने भाग लिया।



नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष जयपाल सिंह चौहान ने बताया कि रामतला के सुंदरीकरण के लिए सरकार द्वारा भूमि पूजन कर दिया गया है ।अब इसका भव्य सुंदरीकरण कर आकर्षक बनाया जाएगा ,इसके लिए एक करोड़ 70 लाख का बजट पास हुआ है ,जिसके बनने के बाद पर्यटक यहां घूमने आएंगे ।अधिशासी अधिकारी अरविंद कुमार ने बताया की रामतला का रकबा 1.0750 हेक्टर करीब पौने तीन एकड़ पानी वाला है और समस्त भूमि 5 एकड़ के लगभग है ,जिसके लिए सरकार ने एक करोड़ 70 लाख रुपए स्वीकृत कर दिए है ।तालाब के चारों ओर घूमने का पार्क ,रास्ता ,ओपन जिम तथा योग के लिए स्थान का निर्माण किया जाएगा ।आसपास जितने भी अवैध अतिक्रमण है उन्हें नोटिस देकर हटवाया जाएगा तथा सुंदरीकरण कर तालाब को आकर्षक बनाया जाएगा।पार्षद गोंविन्द प्रताप सिंह सिसोदिया ने बताया कि नगरपालिका परिषद नगर के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेगी।बजट की क़िस्त आते ही कार्य प्रारंभ हो जाएगा।

इस मौके पर बली यादव ठेकेदार ,रविंद्र श्रीवास्तव ,अज्जू मौर्य ,राजेश गुड्डू चौहान ऋषभ वशिष्ठ, भुवनेश अरजरिया, जय बर्द्धन मौर्य,विनोद यादव कुलदीप खरे ,सुरेंद्र अग्रवाल, संजीव सोनी ,जैन योगेश , रमेश कुमार ,छाया देवी अतुल कुमार, आसाराम प्रजापति ,सर्वेश खरे ,दशरथ कुशवाहा, जय नारायण ,दशरथ पार्षद, गोविंदराम ,सेवा निवृत्त ए डी ओ राम सिंह चौहान, पार्षद कैलाश ,बृजेंद्र घोष ,सुमंत सोनी, बंटे लल्ला सोनी ,माहेश्वरी शरण बुधौलिया सहित नगर पालिका स्टाफ एवं सभी पार्षद उपस्थित रहे।

## पीडीए के हक की लडाई लड रहे पूर्व मुख्यमंत्रीः मान सिंह पटेल

### ओरा मे जनचौपाल कार्यक्रम मे विपक्ष को घेरा



**चित्रकूट।** ग्राम पंचायत ओरा मे पीडीए जन चौपाल में बाबा साहब वाहिनी राष्ट्रीय सचिव मान सिंह पटेल ने वर्तमान भाजपा सरकार पर जोरदार हमला बोला और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा कराए गए विकास कार्यों की जमकर सराहना की है। उन्होने कहा कि समाजवादी पार्टी का चरित्र विकासवादी है पूर्व मुख्यमंत्री की सोच दलित पिछड़ा आदिवासी और महिलाओं के उत्थान एवं मुख्य धारा में लाने की रही है समाजवादी सरकार के समय जनपद में 84 हजार गरीब महिलाओं को समाजवादी पेंशन प्रदान की जा रही थी वहीं राजापुर में तहसील एवं मानिकपुर में तहसील सहित राजापुर स्थित यमुना नदी पर विशाल पुल सहित कहेटा का पुल लोहदा का पुल साईपुर का पुल कनकोटा का पुल अगरहुंडा का पुल निर्माण कराकर आम जनता को सुविधा और जनपद में विकास की धारा को तेज करने का काम किया था जनपद मुख्यालय में ओवर ब्रिज हवाई पट्टी अंतरराज्यीय बस अड्डा और उत्तर प्रदेश का पहला रोप वे जो लक्ष्मण पहाड़ी पर स्थित है विकास की गाथा सुन रहा है किसानों की सुविधा के लिए हर न्याय पंचायत पर मंडी और जनपद बिजली कटौती से पूर्णतया मुक्त था। भाजपा सरकार सिर्फजुमले सुना रही है विकास कार्यों से उसका कोई लेना-देना नहीं है भाजपा सरकार की नीतियों की वजह से महंगाई चरम पर है। जिला प्रवक्ता सुभाष पटेल ने कहाकि समाजवादी पार्टी और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की सोच डॉ भीमराव अंबेडकर और डॉ राम मनोहर लोहिया के सपनों का भारत बनाने की है जहां समता हो समानता हो संपन्नता हो और विकास पंक्ति में खड़े आखिरी व्यक्ति तक पहुंचे। बैठक में विधानसभा अध्यक्ष राजाबाबू यादव, जिला सचिव आत्माराम यादव, श्रवण कुमार यादव मौजूद रहे।

## मोदी-योगी गरीबो के उत्थान को चला रहे अनेक योजनायेः सांसद

### मदर प्राइड ग्लोबल स्कूल मे गरीबो को बांटे कंबल



**चित्रकूट।** बुधवार को मदर प्राइड ग्लोबल स्कूल में निःशुल्क कंबल वितरण का आयोजन किया गया। इस दौरान भारी संख्या मे महिला और पुरूष मौजूद रहे।

सांसद आरके सिंह पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री द्वारा सदैव गरीबों के कल्याणकारी योजनाओं के साथ कार्य कर रही हैं। लगातार गरीबों को ठंड के मौसम में कंबल वितरण किया जा रहे हैं। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री जब से सत्ता में आए हैं गरीबों को दवा, पक्का मकान, रसोई गैस, व सभी के बच्चे पढ़े लिखे इस सोच के साथ सरकार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि 5 लाख तक मुफ्त इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड योजना लाई है एवं महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए (लखपति) व अन्य योजनाओं पर कार्य कर रही है। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा लगातार ठंड के मौसम में कंबल वितरण किया जा रहा है अब तक सभी तहसीलों में लगभग 6 हजार तक कंबल वितरण किया गया है। इस दौरान 450 कंबल वितरण किया गया।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अषोक जाटव, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुष चतुर्वेदी, चेयरमैन नरेन्द्र गुप्ता, डीसीबी चेयरमैन पंकज अग्रवाल,उप जिलाधिकारी कर्वी सौरभ यादव, तहसीलदार अमित त्रिपाठी, तीरथ तिवारी, राजकुमार, शिवकांत, ग्राम प्रधान लवलेश सहित कानूनगो, लेखपाल व ग्रामीण मौजूद रहे।




## सुभाष चैलेंज कप फाइनल मुकाबले मे प्रयागराज विजयी

### अतिथियो ने दोनो टीमो को बांटे पुरस्कार

**चित्रकूट।** सुभाष चैलेंज कप अंतर्राजीय क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच प्रयागराज और रायबरेली के बीच खेला गया जिसमें रायबरेली ने टॉस जीत कर पहले बालिंग करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाज़ी करते प्रयागराज निर्धारित 25 ओवर में 10 विकेट खो कर 218 रन बना कर 219 लक्ष्य दिया। प्रयागराज की तरफ से बल्लेबाजी करते हुए विराट 28 गेंद में 42 रन और अनुज ने 45 गेंद में 62 रन का का योगदान दिया। रायबारेली की ओर से गेंदबाजी करते हुए आदर्श 5 ओवर 42 रन देकर 3 विकेट अतुल 4 ओवर में 35 रन देकर 2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रायबरेली के बैट्समैन ने बैटिंग में कुछ अच्छा प्रदर्शन नही कर पाई 22.5 ओवर में 155 रन पर ऑल आउट हो गई। मैन ऑफदी मैच विराट और प्रयागराज ने मुकाबले को 63 रन से अपने नाम किया। विजेता टीम प्रयागराज रही जिसे 1 लाख 20 हजार रुपए व उपविजेता रायबरेली को को 60 हजार रुपए से पुरुस्कृत किया गया। मैन ऑफसीरीज को 10 हजार रुपए का ईनाम दिया।

मुख्य अथिति अभिषेक आनंद जिलाधिकारी, अशोक जाटव जिला पंचायत अध्यक्ष, डीसबी चेयरमैन पंकज अग्रवाल, जशीन् एडीएम, अमित पीडब्ल्यूडी, मैच अंपायर प्रेम नारायण और हैदर जहान स्कोरर विजय, सौरभ नाहर, समसुद्दीन, लोकेश सिंह, कमलेश परिहार, रामचंद्र कुरील, आनंद, ऋषि यादव, करन पटेल, रानू, हिमाशु नाहर, अनुराग आदि मौजूद रहे।



**दिगम्बराचार्य विद्यासागर जी महाराज द्वारा रचित**

## हाइकु

**उससे डरो, जो तुम्हारे क्रोध को, पीते जाते हैं।**

**भावार्थ- जिनके ऊपर हम क्रोध करते हैं वे यद्यपि कोई प्रतिक्रिया नहीं करते पर हमें उनसे डरना चाहिए क्योंकि प्रतिक्रिया विकार भाव है और विकारी भावों को जीतने वाला ही सच्चा वीतरागी साधी है, योगी है।**

## सम्पादकीय

### कट्टरपंथी इस्लामिक आतंक का केंद्र बना

मालदीव के राष्टपति मोहम्मद मुइज्जू चीन की यात्रा से लौट कर आये तो उनके चेहरे की खुशी साफ झलक रही थी। ऐसा लग रहा था कि चीनी राष्टपति शी जिनपिंग ने मुइज्जू को दिल खोल कर दान दिया है। लेकिन अब जिस तरह धीरे-धीरे सारी चीजें सामने आ रही हैं वह दर्शा रही हैं कि ड्रैगन के जाल में मालदीव बुरी तरह फंस चुका है। दरअसल मालदीव में अब ऐसा लग रहा है कि राष्टपति भले मोहम्मद मुइज्जू हैं लेकिन वहां की सरकार का नियंत्रण चीन करेगा। हम आपको बता दें कि माले में शीर्ष चीनी राजनयिक वांग लिक्सिन जिस प्रकार तमाम तरह के मुद्दों पर प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे हैं वह सीधे-सीधे मालदीव के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप के समान है। खास बात यह है कि मुइज्जू की यात्रा के दौरान चीन ने बिना किसी देश का नाम लिये कहा था कि वह मालदीव के आंतरिक मामलों में ÷बाहरी हस्तक्षेप का दृढ़ता से विरोध करता है÷ और अपनी संप्रभुता और स्वतंत्रता को बनाए रखने में द्वीप राष्ट का समर्थन करता है। लेकिन अब चीन जो कुछ कर रहा है वह मालदीव के आंतरिक मामलों में बाहरी हस्तक्षेप है।

माले में शीर्ष चीनी राजनयिक वांग लिक्सिन ने यह भी कहा है कि अगर मालदीव चीनी राष्टपति शी जिनपिंग के साथ इसी तरह जुड़ा रहता है तो उसे और अधिक विकास परियोजनाओं के लिए समर्थन मिलेगा। हम आपको बता दें कि मालदीव के राष्टपति डॉ. मोहम्मद मुइज्जू चीन की पहली राजकीय यात्रा पर गए थे तब वांग लिक्सिन भी उनके साथ गयी थीं। अब वांग ने सीजीटीएन रेडियो को दिए एक साक्षात्कार में कहा है कि माले को बहुत मदद दी गयी है और आगे भी मदद दी जाती रहेगी। अपने साक्षात्कार में, वांग ने कहा कि उनका मानना है कि मालदीव और चीन के बीच मजबूत संबंधों के तीन प्रमुख कारक हैं। उन्होंने कहा कि पहला और सबसे महत्वपूर्ण कारक आपसी राजनीतिक विश्वास है। उन्होंने कहा कि इस यात्रा के दौरान, दोनों राष्टाध्यक्षों ने हमारे द्विपक्षीय संबंधों को व्यापक रणनीतिक सहकारी साझेदारी तक बढ़ाने की घोषणा की है। यह दोनों देशों के बीच भविष्य के सहयोग के लिए एक मजबूत राजनीतिक गारंटी प्रदान करेगा।

वांग ने कहा कि दूसरा कारक राष्टपति शी की पहल और राष्टपति मुइज्जू का उन पहलों के साथ जुड़ना है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि हम ऐसे ही आगे बढ़ते रहे तो मालदीव के लोगों को लाभ पहुंचाने वाली और अधिक परियोजनाओं पर निर्णय ले सकते हैं। वांग ने कहा कि तीसरा कारक व्यापक परामर्श और साझा लाभ के सिद्धांत का पालन करना है। उन्होंने कहा, ÷मुझे लगता है कि इन तीन प्रमुख कारकों के साथ, भविष्य में हमारा बहुत उपयोगी और टिकाऊ सहयोग होगा।÷ यहां हम आपको यह भी बताना चाहेंगे कि चीन जिस भी देश को अपने कर्ज के जाल में फंसाता है उस देश में चीनी राजनयिकों की ऐसी ही दादागिरी देखने को मिलती है। नेपाल और श्रीलंका में चीनी राजनयिकों की ओर से ऐसी ही बयानबाजी कई बार सामने आई थी।

जहां तक चीन और मालदीव के संबंधों में आई प्रगाढ़ता की बात है तो आपको बता दें कि राष्टपति मुइज्जू ने चीन के साथ जिन प्रमुख समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं उनमें पर्यटन और बुनियादी ढांचे के विकास से जुड़े करार भी शामिल हैं। हालाँकि, चीन की ओर से किसी भी देश से किये गये बुनियादी ढांचे के वादों को पूरा करने का काफी उतार-चढ़ाव वाला इतिहास है, इसलिए देखना होगा कि असल में मालदीव को मिलता क्या है। फिलहाल तो मालदीव को चीन की बेल्ट एंड रोड पहल में एक मोहरे के रूप में काम करना होगा। इसके अलावा मालदीव ने चीन से बड़ी संख्या में पर्यटक भेजने का आश्वासन तो ले लिया है लेकिन इसका पूरा हो पाना मुश्किल है क्योंकि लगातार अपने द्वारा ही बनाये गये कोरोना वायरस के चलते चीन में लंबे समय तक जो लॉकडाउन रहा उससे वहां की अर्थव्यवस्था अब तक नहीं उबरी है। चीन में बेरोजगारी अपने सर्वोच्च स्तर पर है और औद्योगिक उत्पादन गिरा हुआ है क्योंकि बाजार में मांग नहीं है। अधिकांश चीनियों के पास बीजिंग से शंघाई तक जाने का पैसा नहीं है तो वह घूमने के लिए माले कैसे जाएंगे?

चीन की गोद में बैठ कर मुइज्जू जो गलती कर आये हैं उसका परिणाम मालदीव को भुगतना ही होगा। यह द्वीप राष्ट पहले ही कट्टरपंथी इस्लामिक आतंक का केंद्र बना हुआ है, जो किसी भी अन्य देश की तुलना में अधिक लड़ाके भेज रहा है। ऐसी रिपोर्टें सामने आई थीं कि मालदीव से इस्लामिक स्टेट के लिए काम करने गये लोगों को सीरिया के शिविरों में रखा जाता है और प्रशिक्षण दिया जाता है। इसके अलावा मालदीव अब पाकिस्तान से संचालित ड्रग सिंडिकेट में भी फंस चुका है। ये ड्रग सिंडिकेट युवाओं को नशे की आदत लगाते हैं और उन्हें कट्टरता के रास्ते पर धकेलते हुए इस्लामी आतंक को बढ़ावा देते हैं। ऐसी खुफिया रिपोर्टें भी सामने आईं जिसके मुताबिक ये ड्रग सिंडिकेट नशे और कट्टरता के साथ ही भारत विरोधी संदेशों का भी प्रसार करते हैं जिससे चीन और खुश होता है।

बहरहाल, कुल मिलाकर इस सबसे मालदीव के चीन समर्थक राजनीतिज्ञों की जेबें भर जाती हैं लेकिन इससे उनके देश को नुकसान उठाना पड़ रहा है। मुइज्जू की चालों पर भारत की नजर की बात करें तो नई दिल्ली तब से ही काफी सतर्क है जबसे मुइज्जू ने राष्टपति पद का चुनाव लड़ने का ऐलान किया था। भारत जानता है कि उसके पड़ोसियों को फुसला कर चीन उसे चारों तरफ से घेरने की कोशिश कर रहा है इसलिए नई दिल्ली ने पहले ही अपना सुरक्षा घेरा बढ़ा दिया है जिसे भेद पाना ड्रैगन के लिए मुश्किल है।




# एकला चलो की नीति पर आगे बढ़ रहीं मायावती बसपा को बड़ा नुकसान पहुँचा रही हैं

**रमेश सर्राफ धमोरा**

**कांशीराम ने जब 14 अप्रैल 1984 को बहुजन समाज पार्टी का गठन किया था। तब उन्होंने सपने में भी नहीं सोचा होगा कि आगे चलकर बसपा परिवारवाद की भेंट चढ़ जाएगी। परिवारवाद से बचने के लिए कांशीराम ने शादी नहीं की थी।**



बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो मायावती ने पार्टी को युवा नेतृत्व देने के लिये अपने भतीजे आकाश आनंद को अपना राजनीतिक उत्तराधिकारी बना दिया है। अब उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड को छोड़कर बाकी प्रदेशों में संगठन का काम आकाश आनंद ही संभालेंगे। ब्रिटेन से एमबीए कर चुके 28 वर्षीय आकाश आनंद मायावती के छोटे भाई आनंद कुमार के बेटे हैं। मायावती ने उन्हें 2019 में पार्टी का राष्टीय संयोजक बनाया था। तभी से उनके मायावती के उत्तराधिकारी बनने की चर्चा चलती रहती थी।

आकाश आनंद ने पिछले दिनों सम्पन्न हुये राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, मिजोरम और तेलंगाना विधानसभा चुनाव में पार्टी की कमान संभाली थी। मगर वहां बसपा के पक्ष में कोई विशेष हवा नहीं बना पाए। कभी देश में प्रमुख राजनीतिक दल रही बसपा अब अपनी राष्टीय मान्यता बचाने का प्रयास कर रही है। उत्तर प्रदेश में चंद्रशेखर रावण भी दलित नेता के तौर पर अपनी पहचान बना रहे हैं। इसी के चलते मायावती ने बसपा में युवा नेतृत्व देने के लिए अपने भतीजे को मैदान में उतारा है।

कांशीराम ने जब 14 अप्रैल 1984 को बहुजन समाज पार्टी का गठन किया था। तब उन्होंने सपने में भी नहीं सोचा होगा कि आगे चलकर बसपा परिवारवाद की भेंट चढ़ जाएगी। परिवारवाद से बचने के लिए कांशीराम ने शादी नहीं की थी। मायावती की प्रतिभा देखकर कांशीराम ने उन्हें राजनीति में आगे बढ़ाया और अपना उत्तराधिकारी बनाया था। कांशीराम के कारण मायावती चार बार उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री बन पाई।

कांशीराम चाहते तो स्वयं मुख्यमंत्री बन सकते थे। मगर वह किंग मेकर की भूमिका में ही रहना चाहते थे। इसलिए उन्होंने मायावती को आगे बढ़ाया। आज उन्हीं मायावती ने अपने भतीजे को पार्टी का उत्तराधिकारी घोषित कर बसपा को परिवारवाद के रास्ते पर धकेल दिया है। वर्तमान समय में बसपा राजनीतिक रूप से कमजोर पड़ गई है। उनके परंपरागत दलित मतदाता भी छिटक रहे हैं। वैसे भी विषम परिस्थितियों का मुकाबला करने के लिए मायावती को किसी युवा नेता की तलाश थी। मगर उन्होंने किसी बाहरी व्यक्ति पर भरोसा करने की बजाय अपने भतीजे को ही अपना उत्तराधिकारी बनाना बेहतर समझा।

हाल ही में संपन्न हुए राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना व मिजोरम विधानसभा के चुनाव में बसपा का ग्राफ गिरा है। राजस्थान, मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ जैसे हिंदी पट्टी वाले प्रदेशों में बहुजन समाज पार्टी एक तीसरे विकल्प के रूप में अपनी ताकत का एहसास कराती आई थी। मगर इस बार के विधानसभा चुनाव में बसपा का सूपड़ा साफ हो गया है। पिछले विधानसभा चुनाव में राजस्थान में बसपा को 4 प्रतिशत वोट व 6 सीटों पर जीत मिली थी। मगर इस बार यहां बसपा 1.82 प्रतिशत वोटों के साथ मात्र दो सीटों पर ही सिमट गई है। राजस्थान विधानसभा चुनाव में बसपा को मात्र 721037 वोट मिले हैं। मध्य प्रदेश में पिछली बार बसपा को दो सीट व 5.01 प्रतिशत वोट मिले थे। जबकि इस बार के चुनाव में वहां बसपा को 3.40 प्रतिशत यानी 14,77,202 वोट तो मिल गए मगर सीट एक भी नहीं मिली।

इसी तरह छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में पिछली बार बसपा को दो सीटों के साथ 552313 यानी 3.9 प्रतिशत वोट मिले थे। मगर इस चुनाव में वहां बसपा को सीट तो एक भी नहीं मिली। बसपा को 319903 यानी 2.05 प्रतिशत वोट ही मिले हैं। तेलंगाना में बसपा का खाता भी नहीं खुला। वहां पार्टी को 321074 यानी 1.37 प्रतिशत वोट मिले हैं। मिजोरम में तो वैसे ही बसपा का कोई नाम लेवा नहीं है। 2022 में हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में बसपा 53 सीटों पर चुनाव लड़ी मगर एक भी नहीं जीत पायी। वहां पार्टी को 14613 यानी 0.35 प्रतिशत मत मिले थे। गुजरात विधानसभा के पिछले चुनाव में बसपा ने 101 सीटों पर चुनाव लड़ा था। जिसमें 100 सीटों पर पार्टी प्रत्याशियों के जमानत जब्त हो गई थी। वहां पार्टी को मात्र 158123 यानी 0.5 प्रतिशत मत मिले थे। उतराखंड में बसपा के दो व पंजाब में एक विधायक है।

उत्तर प्रदेश में 2022 के विधानसभा चुनाव में पार्टी महज एक सीट ही जीत सकी थी। वहां बसपा को सिर्फ 12.88 प्रतिशत मत मिले थे। वहीं 2017 के विधानसभा चुनाव में 19 सीट व 22.31 प्रतिशत वोट मिले थे। 2012 की विधानसभा चुनाव में बसपा को उत्तर प्रदेश में 80 सीटों के साथ 25.91 प्रतिशत वोट मिले थे। वहीं 2007 के विधानसभा चुनाव में बसपा ने 30.43 प्रतिशत वोटो के साथ 206 सीट जीतकर अपने दम पर सरकार बनाई थी। 2002 के चुनाव में बसपा को 98 सीट व 23.6 प्रतिशत वोट मिले थे। 1996 के चुनाव में 67 सीट व 19.64 प्रतिशत वोट मिले थे। 1993 के चुनाव में 67 सीट व 11.12 प्रतिशत वोट, 1991 के चुनाव में 12 सीट व 9.44 प्रतिशत वोट मिले थे। 1989 के चुनाव में पहली बार बसपा ने उत्तर प्रदेश में चुनाव लड़कर 13 सीट तथा 9.41 प्रतिशत वोट पाए थे।

उपरोक्त आंकड़ों का विश्लेषण करें तो पता चलता है कि बहुजन समाज पार्टी का जनाधार लगातार कमजोर पड़ता जा रहा है। लोकसभा चुनाव के आंकड़ों को देखें तो 2019 के चुनाव में बसपा को उत्तर प्रदेश में 10 सीटें व 3.67 प्रतिशत वोट मिले थे। 2014 के लोकसभा चुनाव में बसपा का खाता भी नहीं खुला था। हालांकि पार्टी को 4.19 प्रतिशत वोट मिले थे। 2009 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने उत्तर प्रदेश में 20 व मध्य प्रदेश में एक कुल 21 सीट व 6.56 प्रतिशत वोट पाए थे। 2004 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने उत्तर प्रदेश से 19 सीट जीतकर 5.33 प्रतिशत वोट प्राप्त किए थे।

1999 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने उत्तर प्रदेश से 14 सीट जीती थी तथा 4.16 प्रतिशत वोट प्राप्त किए थे। 1998 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने पांच सीट तथा 4.67 प्रतिशत वोट पाए थे। 1996 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने 11 सीट तथा 4.02 प्रतिशत मत प्राप्त किए थे। 1991 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने तीन सीट व 1.61 प्रतिशत मत प्राप्त किए थे। 1989 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ा था और पार्टी ने चार सीटें जीत कर 2.07 प्रतिशत वोट पाये थे।

पिछले लोकसभा चुनाव में बसपा ने उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी से समझौता होने के चलते 10 सीटों पर जीत जरूर हासिल कर ली थी। मगर उसके बाद मायावती ने सपा से चुनावी गठबंधन समाप्त कर एकला चलो की नीति पर ही 2022 में उत्तर प्रदेश विधानसभा का चुनाव लड़ा था। 2022 में उत्तर प्रदेश जैसे राज्य में जहां से बसपा एक ताकत बनकर उभरी थी और चार बार सरकार बना चुकी है। वहां मात्र एक सीट पर सिमट गयी थी।

कांशीराम के जमाने में बसपा का पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ जैसे कई प्रदेशों में बड़ा प्रभाव रहता था। जो अब सिमटने लगा है। बसपा से जीते हुए बहुत से सांसद, विधायक दल बदल कर दूसरे दलों में शामिल हो जाते हैं। जिससे बसपा कमजोर होने लगी है। राजस्थान विधानसभा के 2008 व 2018 के चुनाव में बसपा से 6-6 विधायक चुनाव जीते थे। मगर दोनों ही बार सभी विधायकों ने कांग्रेस में विलय कर गहलोत सरकार में मंत्री व अन्य लाभकारी पदों पर बैठ गए थे। कभी कैडर पार्टी का मुख्य आधार होता था। मगर आज पार्टी में कैडर नाम मात्र का भी नहीं बचा है। पार्टी के अधिकांश बड़े पदों पर दलबदलुओं का कब्जा हो गया है। मायावती ना तो भाजपा के साथ जाना चाहती है और ना ही इंडिया गठबंधन में शामिल होना चाहती है। ऐसे में एकला चलो की नीति बसपा के लिए आत्मघाती साबित हो रही है।

## ब्यूटी फैशन

# किआरा आडवाणी की खूबसूरत दिखने के लिए ऐसे करें मेकअप, मिलेगा ग्लैमरस लुक

**अनन्या मिश्रा**

**आज के समय में कई लड़कियां कियारा आडवाणी की तरह मेकअप करना चाहती हैं। तो आज हम आपको कुछ टिप्स बताने जा रहे हैं, इन टिप्स को फॉलो कर एक्ट्रेस की तरह अपनी खूबसूरती को फ्लॉन्ट कर सकती हैं।**



आज के समय में हर कोई खूबसूरत दिखना चाहता है। अगर बीते साल 2023 की बात करें, तो इस दौरान बॉलीवुड एक्ट्रेस कियारा आडवाणी का नाम सबसे ज्यादा गूगल पर सर्च किया गया। हर व्यक्ति कियारा के बारे में जानकारी हासिल करना चाहता है। वहीं वह एक ऐसी अभिनेत्री हैं, जिन्होंने बेहद कम समय में अपनी बेहतरीन एक्टिंग के जरिए लोगों के दिलों में जगह बनाई है। इसके साथ ही कियारा बेहद खूबसूरत एक्ट्रेस भी हैं। उनके स्टाइल के साथ ही हर कोई उनकी खूबसूरती का कायल है। ऐसे में अगर आप भी एक्ट्रेस कियारा आडवाणी की तरह खूबसूरत दिखना चाहती हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है।

जहां कियारा बिना मेकअप लुक के भी बेहद प्यारी लगती हैं, तो वहीं मेकअप के बाद उनकी सुंदरता देखने लायक होती है। आज के समय में कई लड़कियां कियारा आडवाणी की तरह मेकअप करना चाहती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको मेकअप करने का सही और आसान तरीका बताने जा रहे हैं। ऐसे में आप भी इन टिप्स को फॉलो कर एक्ट्रेस की तरह अपनी खूबसूरती को फ्लॉन्ट कर सकती हैं।

**मॉइस्चराइजर**

जो भी लड़कियां एक्ट्रेस कियारा की तरह मेकअप करना चाहती हैं, वह सबसे पहले अपनी स्किन को मॉइस्चराइज करें। सबसे पहले अपने फेस को अच्छे से साफ कर लें। फिर चेहरे पर अच्छे से मॉइस्चराइजर लगाएं। जब आप फेस पर मॉइस्चराइजर लगाने के बाद मेकअप करेंगी, तो आपके मेकअप में क्रेक नहीं आएगा। क्योंकि अगर आप बिना मॉइस्चराइजर के मेकअप करती हैं, तो आपकी स्किन पैची लग सकती है।

**प्राइमर**

फाउंडेशन लगाने से पहले फेस पर प्राइमर लगाएं। क्योंकि प्राइमर आपके स्किन के पोर्स को कवर करता है। जब आप प्राइमर लगाती हैं, तो फाउंडेशन अच्छे से आपकी स्किन पर सेट हो जाएगा। इस तरह आपका मेकअप लंबे समय तक बना रहेगा।

**फाउंडेशन**

हमेशा अपनी स्किन टोन से मैच करता हुआ फाउंडेशन लेना चाहिए। क्योंकि अगर फाउंडेशन आपकी स्किन से मैच नहीं करेगा, तो आपका फेस अजीब सा दिख सकता है। इसलिए हमेशा अपनी स्किन टोन के हिसाब से ही फाउंडेशन लेना चाहिए।

**कंसीलर**

चेहर में दाग-मुंहासे होना एक आम बात है, ऐसे में आप इनको कंसीलर की मदद से छिपा सकती हैं। लेकिन इस बात का ध्यान रखें कि कंसीलर की मात्रा ज्यादा नहीं होनी चाहिए। क्योंकि इससे आपका मेकअप खराब दिख सकता है।

**सेटिंग पाउडर**

पूरा मेकअप करने के पास सेटिंग पाउडर से मेकअप को सेट कर लें। सेटिंग पाउडर से आप फेस के एक्स्ट्रा ऑयल कंट्रोल कर सकते हैं। इसकी मदद से आप अपने कंसीलर को अच्छे से सेट कर सकते हैं।

# भारत से लेकर सारी दुनिया हुई राममय

**आर.के. सिन्हा**

**कई सप्ताहों से पूरा विश्व ही उत्सुकता के साथ 22 जनवरी के ऐतिहासिक क्षण का इंतजार कर रहा है। दक्षिण पूर्वी एशियाई देश हों या फिर यूरोप, अमेरिका , ऑस्ट्रेलिया या जर्मनी से जापान तक सभी राम मय हो रहे हैं। अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम अमेरिका के टाइम्स स्क्वायर से लेकर यूरोप के एफिल टावर तक पर देखने को मिलेगा।**



फ्रांस की राजधानी पेरिस में 21 जनवरी को 'राम रथ यात्रा' का आयोजन किया जाएगा, जिसमें पूरे यूरोप से हजारों लोग भाग लेंगे। इतना ही नहीं एफिल टावर के पास एक भव्य उत्सव भी मनाया जाएगा। इसी तरह अमेरिका में टाइम्स स्क्वायर पर 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट किया जाएगा। नॉर्थ अमेरिका से लेकर कनाडा तक के मंदिरों में पूजन और दीपोत्सव किया जाएगा।

अमेरिका में कैलिफोर्निया के साथ ही वाशिंगटन, शिकागो और अन्य शहरों में विशाल कार रैलियाँ भी आयोजित की जा रही है।

दुनिया के 50 से अधिक देशों में बड़े कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इन देशों में प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम को लाइव देखा जा सकेगा। अमेरिका में 300, ब्रिटेन में 25, ऑस्ट्रेलिया में 30, कनाडा में 30, मॉरीशस में 100 के अलावा आयरलैंड, फिजी, इंडोनेशिया और जर्मनी जैसे 50 से अधिक देशों में बड़े पैमाने पर रामलला प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट किए जाने की तैयारी है। न्यूयार्क के मेयर एरिक एडम्स ने कहा भी कि अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा सिर्फ भारत ही नहीं, न्यूयार्क में दक्षिण एशियाई और इंडो कैरेबियाई समुदायों के हिंदुओं के लिए भी जश्न मनाने का मौका है। प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर नेपाल से 3 हजार से अधिक उपहार अयोध्या पहुंच रहे हैं। जनकपुर से सीता जी के लिए साड़ी, चांदी के जूते, आभूषण आदि उपहार भेजे गए। श्रीलंका ने अशोक वाटिका से विशेष पत्थर अयोध्या भेजा है। मारीशस ने तो अपने यहां 22 जनवरी को अवकाश भी घोषित किया है। बकायदा, 2 घंटे का विशेष अवकाश पूजा पाठ के लिए प्रदान किया गया है।

राम मंदिर उद्घाटन कार्यक्रम में कुल 7 हजार से अधिक मेहमान शामिल होंगे। इसमें बड़ी संख्या में विदेशी मेहमान भी होंगे। गेस्ट लिस्ट में अमेरिका, ब्रिटेन, यूरोप, ऑस्ट्रेलिया और अफ्रीका सहित 53 देशों के मेहमानों के नाम शामिल हैं। अमेरिका, कनाडा, जर्मनी, फिजी समेत 50 देशों के प्रतिनिधियों को भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर अयोध्या आने का निमंत्रण पत्र दिया गया है। मुस्लिम बहुल देशों में भी प्राण प्रतिष्ठा को लेकर तैयारियों में उत्साह है। इंडोनेशिया, सऊदी अरब में भी प्राण प्रतिष्ठा का सजीव प्रसारण किया जाएगा।

विश्व हिंदू परिषद के अनुसार दुनिया के 160 ऐसे देश हैं जहां हिंदू धर्म के लोग बड़ी संख्या में रहते हैं। वहां विभिन्न धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं। इनमें शोभायात्रा, हवन पूजन, हनुमान चालीसा पाठ आदि के आयोजन शामिल हैं।

दरअसल, राम भारत ही नहीं विश्व चेतना के आधार हैं। विश्व इतिहास और विश्व साहित्य में भी राम और रामकथा बहुप्राचीन एवं बहुप्रचलित है। इंडोनेशिया में काकाविन रामायण, जापान में होबुत्सुशू, थाइलैंड में रामकियेन, म्यांमार में रामवस्तु, राम-ताज्या, राम- तात्यो, थिरी राम, पोन्तव राम तथा थामाध्ये (रामलीला नाटक), कम्बोडिया में रामकेर, फिलीपीन्स में महारादिया लावना, मलेशिया में मलय रामायण, हिकायत सेरी राम, लाओस में फालम, मंगोलिया में राम ग्रंथ प्रचलित और लोकप्रिय हैं।

दक्षिण-पूर्व एशिया की सबसे प्राचीन और सर्वाधिक महत्वपूर्ण राम कथा केंद्रित कृति प्राचीन जापानी भाषा में विरचित रामायण का काबीन है, जिसकी तिथि नौवीं शताब्दी से भी पहले की है। लाओस के निवासी आज भी स्वयं को भारतवंशी मानते हैं। वे मानते हैं कि कलिंग युद्ध के बाद उनके पूर्वज इस क्षेत्र में आकर बस गये थे।

लाओस की संस्कृति पर भारतीयता की गहरी छाप है। यहां रामकथा पर आधारित चार रचनाएं उपलब्ध है। दक्षिण पूर्व एशिया समेत अन्य देशों में राम कथा का व्यापक असर देखा जा सकता है। आम जन मानस की जिंदगी में राम के चरित्र की गहरी छाप दिखती है।

इस बीच, अयोध्या से सैकड़ों किलोमीटर दूर राजधानी दिल्ली के अशोक विहार में भी राम लला के मंदिर जैसा ही एक राम मंदिर का निर्माण हो रहा है।

इनका दोनों मंदिरों के आर्किटेक्ट सी.बी.सोमपुरा ही हैं। सोमपुरा जी को विश्व हिन्दू परिषद के अध्यक्ष अशोक सिंघल अयोध्या (वीएचपी) लेकर गए थे ताकि वे राम लला के मंदिर का डिजाइन बनाएं। फिर सोमपुरा जी ने ही अयोध्या के राम मंदिर का डिजाइन को बनाया।

हालांकि दिल्ली के अशोक विहार के श्रीराम मंदिर की स्थापना तो 1975 में हो गई थी, पर इसका विस्तार आगे भी होता रहा। इसकी मैनेजमेंट से जुड़े हुए अशोक बंसल बताते हैं कि जब सोमपुरा जी और विश्व हिन्दू परिषद ने अयोध्या में राम मंदिर का डिजाइन जारी किया तब हमने भी तय किया हमारे मंदिर का डिजाइन भी अयोध्या के राम मंदिर की तर्ज पर ही रहेगा। इसकी अयोध्या के राम मंदिर से एक समानता यह भी है कि यहां भी राजस्थान के बंसीपुर का लाल संगमरमर का गुलाबी पत्थर ही लगा है। इन दोनों मंदिरों के निर्माण में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा तो है ही। वे अयोध्या के राम लला के मंदिर के निर्माण पर शुरू से ही नजर रख रहे थे, तो उनकी प्रेरणा से अशोक विहार का राम मंदिर भी बना। इस बात को यहां के पदाधिकारी भी मानते हैं। हां, दोनों में सिर्फ इतना अंतर है कि अशोक विहार का श्रीराम मंदिर स्थानाभाव के कारण छोटा है।

जब आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में राम लला का प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम हो रहा होगा,तब अशोक विहार के श्रीराम मंदिर में सुबह से ही सुंदर कांड और भजन के कार्यक्रम शुरू हो जाएंगे। सारे मंदिर में आलोक सज्जा और विशालभंडारे का कार्यक्रम तो होगा ही। माना जा रहा है कि 22 जनवरी को यहां भी करीब एक लाख भक्त आएंगेऔर भंडारे का प्रसाद पायेंगे ।

अगर बात दिल्ली की करें तो यहां का तो सबसे पुराना राम मंदिर चांदनी चौक में ही है। यह लगभग कई सौ साल पुराना बताया जाता है। यह कोई बहुत भव्य तो नहीं है, पर खाटी पुरानी दिल्ली वाले यहां कभी ना कभी किसी पर्व या सत्यनारायण की कथा में भाग लेने अवश्य आए होते है। राजधानी में राम या श्रीराम मंदिर नाम से मंदिर कम ही हैं।

कम से कम हनुमान या शिव मंदिरों की तुलना में। हालांकि श्रीराम परिवार की मूर्तियां तो हरेक मंदिर में ही मिलेंगी। वैसे देखा जाए तो हरेक हनुमान मंदिर अपने आप में राम मंदिर ही है। राम के बिना हनुमान कहां और हनुमान के बिना राम कहा।

# सोते-सोते नहीं टूटेंगे आपके बाल, बस फॉलो करें ये टिप्स

**मिताली जैन**

**आमतौर पर, सोते समय तकिए से रगड़ने से होने वाले घर्षण के कारण हेयर प्रोब्लम्स हो सकती हैं। इसलिए, कोशिश करें कि आप सोने से पहले बालों में हेयर सीरम जरूर लगाएं। इससे आपको हेयर फॉल व अन्य प्रोब्लम्स को कम करने में मदद मिलेगी।**

हम सभी यही मानते हैं कि हीट स्टाइलिंग प्रोडक्ट्स या फिर केमिकल्स के कारण हमारे बाल डैमेज होते हैं। लेकिन सच तो यह है कि बालों के टूटने की कई वजहें हो सकती हैं। मसलन, अगर रात को सोने से पहले बालों की सही तरह से देखभाल ना की जाए तो इससे भी बाल टूटने व झड़ने शुरू हो जाते हैं। इसलिए, नाइट हेयर केयर रूटीन फॉलो करना बेहद जरूरी है। ऐसे कई छोटे-छोटे टिप्स हैं, जो रात में सोते समय आपके बालों की केयर करने में मदद करेंगे। तो चलिए जानते हैं इसके बारे में-

**बालों को जरूर सुलझाएं**

रात में सोने से पहले अपने बालों को ब्रश करना और उसे सुलझाना बेहद जरूरी है। जब आप बालों में कंघी करते हैं तो स्कैल्प का नेचुरल ऑयल जड़ों से सिरे तक समान रूप से फैलता है। कोशिश करें कि इसके लिए आप चौड़े दांतों वाली कंघी का उपयोग करें, जो बालों को टूटने से बचाने में मदद करेगी।

**लाइट हेयर सीरम का करें इस्तेमाल**

आमतौर पर, सोते समय तकिए से रगड़ने से होने वाले घर्षण के कारण हेयर प्रोब्लम्स हो सकती हैं। इसलिए, कोशिश करें कि आप सोने से पहले बालों में हेयर सीरम जरूर लगाएं। इससे आपको हेयर फॉल व अन्य प्रोब्लम्स को कम करने में मदद मिलेगी।

**सही हो पिलोकवर**

गलत प्रकार का तकिया व उसका कवर भी आपके बालों को काफी डैमेज कर सकता है। इसलिए, अगर आप अपने बालों की केयर करना चाहते हैं तो ऐसे में साटन या रेशम के तकिए का इसतेमाल करें। वे अन्य कपड़ों की तुलना में चिकने होते हैं और इसलिए हेयर डैमेज को मिनिमम करते हैं।



**खुले ना हों बाल**

कई बार हम यूं ही खुले बालों में बेड पर चले जाते हैं। इससे बालों को काफी नुकसान होता है। ऐसे में आप हमेशा यह कोशिश करें कि सोने से पहले बालों में कोई प्रोटेक्टिव हेयर स्टाइल जरूर बनाएं। आप पोनीटेल से लेकर ब्रेड्स या बन बनाने पर विचार कर सकती हैं। हेयर स्टाइल ऐसा होना चाहिए जो बहुत अधिक टाइट ना हो। साथ ही साथ, उसमें आपको सोने में भी कंफर्टेबल फील हो।

## संक्षिप्त समाचार

### बच्ची के अपहरण का प्रयास,पुलिस मान रही विवाद

**मौदहा** ।क्षेत्र में एक मासूम बच्ची के अपहरण के प्रयास से हड़कंप मच गया है हालांकि पुलिस इसे आपसी विवाद बता रही है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मदारपुर निवासी बाबू पुत्र बन्ना ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि बीते सोलह जनवरी की रात करीब आठ बजे जब वह परिवार सहित अपने घर में था और उसकी आठ साल की बच्ची मोहल्ले की दूकान पर सामान लेने गई थी तभी गांव के बउवा और छोटू पुत्रगण प्रकाश अपने हाथों में नाजायज तमंचे लिए हुए आ गए और पुत्री के अपहरण का प्रयास करते हुए जबरन पकड़ कर ले जाने लगे।पीड़ित ने बताया कि शोर शराबा सुनकर जब वह दौड़ा तो उक्त दोनों लोगों ने उसके साथ और उसकी मासूम बच्ची के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी देकर चले गए।पीड़ित ने कोतवाली में शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी चंद्रशेखर ने बताया कि मामला पारिवारिक विवाद का है और दोनों पक्ष पारिवारिक हैं।पुलिस को मामले की जांच के लिए भेजा है जांच के बाद कार्यवाही की जाएगी।

### गायत्री परिवार की शाखाओं में यज्ञ व दीप प्रज्वलित करें

**हमीरपुर।** जनपदीय गायत्री परिवार के केन्द्र गायत्री शक्तिपीठ , राठ के समन्वयक पं . चन्द्र शेखर मिश्र, सह समन्वयक डा0एल एल त्रिपाठी ने सम्पूर्ण जनपद के गायत्री प्रज्ञा मंडल के परिजनों , महिला मंडल की बहिनों , युवा मंडल से जुड़े युवाओं, समस्त गायत्री परिवार की शाखाओं से जुड़े प्रज्ञा परिजनों एवं समस्त चौदह प्रज्ञापीठों , शक्तिपीठों के संचालकों से अनुरोध किया है कि आगामी 22 जनवरी को शान्तिकुंज के विशेष निर्देशानुसार प्रातः 10 से 12 के मध्य गायत्री यज्ञ मेंगायत्री मंत्र के साथ श्री राम , माता सीता एवं श्री हनुमान के मंत्रों से विशेष आहुतियाँ प्रदान करते हुए हनुमान चालीसा व सुंदर कांड के पाठ अवश्य करें।

इन्होंने कहा कि इसी दिन सायं काल अपने अपने प्रज्ञा संस्थानों में दीपोत्सव के क्रम में सपरिवार दीप यज्ञ सम्पन्न करके इस अभूतपूर्व राष्ट्रीय कार्य में विशेष योगदान करने करें ।

### यमुना पुल से कूदने की सूचना पर मची सनसनी, मिला बैग

**हमीरपुर।** यमुना नदी के पुल से एक इंटरमीडिएट की छात्रा के कूदने की बात कही जा रही है। घटनास्थल पर एक बैग मिला है, जिसें कुछ किताबें, बिंदी और अदिति नाम की स्लिप मिली है। पुलिस सर्च ऑपरेशन में जुटी है। घटना के कुछ देर बाद मौके पर पहुंचे परिषदीय विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने पहले अपने पुत्र के कूदने की आशंका जताई थी लेकिन बाद में वे अपनी बात से पलट गए। यमुना नदी के पुल की छठवीं कोठी के पास से किसी के कूदने की सूचना मिलने पर पुलिस सक्रिय हो गई। मौके पर पुलिस को एक बैग मिला। यहां पहुंचे परिषदीय विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने पहले बैग को अपने पुत्र का बताया और यह भी बताया कि बड़े भाई की डांट से क्षुब्ध होकर उसने छलांग लगाई है लेकिन कुछ देर बाद प्रधानाध्यापक ने अपनी बात से इंकार कर दिया। कोतवाल अनूप सिंह ने बताया कि सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है

### रैली के जरिए ग्रामीणों को किया जागरूक

**पौथिया ।** जिला नेहरू युवा केंद्र की समन्वयक विष्णु प्रिया के निर्देश पर बुधवार को पौथिया गांव में युवा सप्ताह कार्यक्रम के तहत शांति दिवस रैली का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पौथिया में राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवक धीरेंद्र द्विवेदी के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में संदर्भ व्यक्ति के रूप में बुंदेलखंज सोशल वेल फेयर सोसाइटी अध्यक्ष ने शांति दिवस पर युवाओं से विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम में आईएम पब्लिक के स्कूल के धीरेंद्र द्विवेदी, कामता प्रसाद, संतोष दीक्षित, दीक्षा सचान, सलमा, अंशिका आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत मानसिंह, दीप चंद की ओर से सड़क सूरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया।

### घर से नगदी व जेवर के साथ दुकान से ले गए चोर सामान

**कुरारा ।** कस्बे के वार्ड नंबर तीन में चोर गृहस्थी वाले घर से नगदी व जेवरात चोरी कर लिया। इसी के साथ पान की गुमटी में रखा सामान चोरी हो गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। कस्बे के वार्ड नंबर तीन निवासी देशराज पुत्र नत्थू ने थाने में दी तहरीर में बताया कि मंगलवार की रात करीब 12 बजे उसके घर में चोर घुस आए। घर में रखे 1500 नगदी व पुरानी चांदी की पायल चोरी करके ले गए। वहीं पड़ोस में रखी पान की गुमटी से साबुन, गुटखा, बिस्किट, नमकीन, सिगरेट आदि सामान चोरी करके ले गए हैं। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चोरों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कस्बे में ड्रोन कैमरे से निगरानी कर ग्राम सुरक्षा समितियों को दिये निर्देश

**सुमेरपुर।** अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन व पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना पुलिस ने क्षेत्र के रेलवे स्टेशन व रेलवे लाइन के आसपास के गांव व मोहल्लों में ड्रोन कैमरा से निगरानी की गई। साथ ही संभ्रांत व्यक्तियों व ग्राम चौकीदारों से वार्ता कर अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा व गणतंत्र दिवस के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था हेतु पुलिस को सहयोग देने की अपील की गई। आगामी 22 जनवरी को क्षेत्र के मंदिरों में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों के दृष्टिगत पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम की रूपरेखा भी तैयार की।

### कोहरे के चलते 4 घंटे देरी से आई बेतवा एक्सप्रेस

**सुमेरपुर।** कोहरे एवं ठंड का असर रेलवे के संचालन में पड़ा है। यहां से गुजरने वाली सभी यात्री गणेश 3 से 4 घंटे की देरी से गुजरने कारण यात्रियों को ठिठुरने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। बुधवार को दुर्ग से कानपुर जा रही बेतवा एक्सप्रेस 4 घंटे की देरी से यहां पहुंची। इसी तरह सुबह कानपुर से चलकर मानिकपुर जा रही मेमू ट्रेन 3 घंटे की देरी से यहां आई। वहीं खजुराहो से चलकर कानपुर जा रही पैसेंजर ट्रेन पौने 2 घंटे की देरी से स्टेशन पहुंची। तड़के जबलपुर से लखनऊ जा रही चित्रकूट एक्सप्रेस आधा घंटा देरी से यहां आ सकी। दोपहर में कानपुर से चित्रकूट धाम कर्वी जा रही इंटरसिटी एक्सप्रेस भी आधा घंटा की देरी से आई। ट्रेनों की लेटलतीफी से यात्रियों को ठंड में ठिठुरने को मजबूर होना पड़ रहा है। स्टेशन मास्टर अमानुद्दीन ने बताया कि कोहरे के कारण कुछ ट्रेने लेट हो रही हैं। कोहरा खत्म होते ही स्थिति सामान्य हो जाएगी।

### श्यामला देवी मंदिर के महंत के साथ गाली गलौज कर दी धमकी

**राठ।** मां श्यामला देवी मंदिर के पुजारी द्वारा रुपए न देने पर मंदिर के महंत के साथ एक व्यक्ति ने गाली गलौज कर धमकी दी है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी है। कोतवाली के सरसई गांव निवासी मनोज कुमार मिश्रा ने बताया कि वह मां श्यामला देवी मंदिर में महंत है। कोतवाली के बड़ा गांव निवासी प्रीतम सिंह आठ जनवरी को रात करीब आठ बजे मंदिर में आया और पुजारी अश्विनी शुक्ला से तीन हजार रुपए की मांग करने लगा। रुपए न देने व विरोध करने पर पुजारी को गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। बताया कि मंदिर के पुजारी ने उसे जानकारी दी। जब वह उक्त युवक के घर समझाने गया तो उसे भी धमकी दी। बताया कि मंगलवार की रात करीब साढ़े दस बजे उक्त व्यक्ति ने उसके पुत्र नीतेश को फोन करके गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### दोबारा ताजपोशी पर मंडल अध्यक्ष का हुआ जोरदार स्वागत

**सुमेरपुर।** दूसरी बार मंडल अध्यक्ष बनाए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने कस्बे के टाउन हॉल में अध्यक्ष का जोरदार स्वागत किया।

भाजपा के सुमेरपुर पूर्वी मंडल के अध्यक्ष पद पर अरिमर्दन सिंह कैथी की ताजपोशी होने के उपरांत कस्बे के टाउन हॉल में स्वागत समारोह का आयोजन करके अध्यक्ष का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील पाठक ने कहा कि उनके पिछले कार्यकाल की उपलब्धियां को दृष्टिगत रखकर उनको दोबारा जिम्मेदारी का भार सौपा गया है। इस अवसर पर रोहित शिवहरे, संतराम गुप्ता, महेंद्र सिंह, स्वामी प्रताप सिंह, शिवेंद्र सिंह, राजेश शिवहरे, आदित्य अवस्थी, गीता ओमर, मीना यादव, गुरु प्रताप सिंह परिहार, नरेंद्र पाल, अरविंद पाल, दूगपाल सिंह चंदेल, सियाचरण शर्मा, रानू सिंह, मोहित साहू आदि मौजूद रहे संचालन मुनीर खान ने किया।

## कार में ट्रक की टक्कर लगने से न्यायाधीश ने जताया जानमाल का खतरा

- सदर कोतवाली में तहरीर दे दर्ज कराया अज्ञात ट्रक चालक पर मुकदमा
- बीते वर्ष अक्तूबर माह में अधिवक्ता ने जज पर किया था जानलेवा हमला

**हमीरपुर।** जनपद न्यायालय में तैनात एक न्यायाधीश ने कार में ट्रक की टक्कर लगने से जानमाल को खतरे का अंदेशा जताया हे। न्यायाधीश ने पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ लापरवाही व जल्दबाजी में वाहन चलाने का मामला दर्ज कराया है। कोतवाल अनूप सिंह ने बताया कि अपर जिला न्यायाधीश एफटीसी प्रथम सुदेश कुमार ने तहरीर देकर बताया कि पिछले 10 जनवरी को सुबह करीब सवा नौ बजे वह लखनऊ से मुख्यालय के यमुना ब्रिज पर पहुंचे। तभी उनके पीछे आ रहे एक ट्रक चालक ने उनकी कार में पीछे से टक्कर मार दी। बताया कि कार को वह स्वयं चला रहे थे। जबकि कार में उनकी पत्नी भी बैठी थी। आरोप लगाया कि चालक ने पीछे से जानबूझकर टक्कर मारी है। जिससे उनकी कार क्षतिग्रस्त हो गई। बताया उन्होंने ट्रक चालक को यमुना पुलिस चौकी पर रोकने का प्रयास किया, लेकिन चौकी पर कोई भी पुलिसकर्मी मौजूद न होने के कारण उक्त ट्रक चालक घटना स्थल से भाग निकला। अंदेशा जताया कि उनके ऊपर पहले भी एक अधिवक्ता द्वारा जानलेवा हमला किया गया था। वहीं उक्त ट्रक भी जनपद का ही है। ऐसे में घटना से लगता है कि कुछ लोग उनकी जान के दुश्मन बने हैं। कहा कि जिससे प्रतीत होता है कि उक्त घटना साजिशन कराई गई है। थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ जल्दबाजी व लापरवाही से वाहन चलाने सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। कहा कि मामले की हर पहलू से जांच कराई जा रही है। जल्द ही आरोपी ट्रक चालक सलाखों के पीछे होगा।

**गतवर्ष एक अधिवक्ता ने किया था जानलेवा हमला**

बीते अक्तूबर माह में आरोपी अधिवक्ता रामदास सविता ने अपर सत्र न्यायाधीश सुदेश कुमार पर जानलेवा हमला किया था। जैसे ही वह अपनी कार से कोर्ट जा रहे थे। तभी गेट नंबर दो के पास अधिवक्ता ने कार के सामने अपनी बाइक लगा दी। और कार का दरवाजा खोलकर उन पर झपटा और कॉलर पकड़ने के साथ ही गाली गलौज व गला दबाकर जानमाल की धमकी दी थी। मामले में अधिवक्ता अभी भी जेल में निरुद्ध है।

## गौ रक्षा विभाग के जिलाध्यक्ष के आवास के पते सूचक संकेत बोर्ड पर पोती कालिख



**हमीरपुर।**विश्व हिंदू परिषद के गौ रक्षा विभाग के जिलाध्यक्ष के आवास के पते सूचक संकेत बोर्ड पर अज्ञात द्वारा कालिख पोत देने से नाराज जिलाध्यक्ष ने ललपुरा पुलिस को शिकायती पत्र सौंप उक्त के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है।ललपुरा थाना क्षेत्र कलौलीजार निवासी विश्व हिंदू परिषद के गौ रक्षा विभाग जिलाध्यक्ष निशांत त्रिपाठी ने शिकायती पत्र में कहा कि वह अक्सर संगठनात्मक कार्य से प्रवास में गांव से बाहर रहता है।कहा कि गांव के आवास व पते सूचक 2 संकेत बोर्ड कलौली जार गांव में ही बांकी रोड में लगे हुए है, बीते 15 जनवरी को जब वह वापस गांव आए तो देखा कि उक्त दोनो संकेत बोर्ड में किसी अज्ञात व्यक्ति ने विद्वेषवश कालिख (काला पेंट) पोत दी। जिससे नाराज जिलाध्यक्ष ने ललपुरा पुलिस को शिकायती पत्र सौंप जाँच कर अज्ञात युवक पर कार्यवाही की मांग की है।

## मझगवां व चिकासी थाने में ग्राम सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

**राठ।** चिकासी थाने में सीओ सरीला आशीष कुमार व मझगवां थानाध्यक्ष अजीत सिंह द्वारा जराखर गांव में ग्रामीणों व चौकीदारों के साथ बैठक कर आगामी अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा व गणतंत्र दिवस के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस के सहयोग की अपील की। बुधवार को चिकासी थाने में सीओ की अध्यक्षता में अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन, प्रयागराज व पुलिस अधीक्षक हमीरपुर के निर्देशन में ग्रामीणों के साथ सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में सीओ ने कहा कि आगामी अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा व गणतंत्र दिवस के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस के सहयोग करें। कोई भी गलत अफवाह फैलाएं उसकी सूचना पुलिस को दी जाए। इस मौके पर चिकासी थानाध्यक्ष भरत कुमार सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे। वहीं मझगवां थानाध्यक्ष अजीत सिंह जराखर गांव में स्थापित श्री राम जानकी मंदिर में पहुंचकर मंदिर की साफ सफाई व प्रबंधन के बारे में जाना। इस दौरान उन्होंने 22 जनवरी को मंदिर में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम के दृष्टिगत थाना पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम की रूपरेखा तैयार की गई। इस मौके पर ग्राम प्रधान कमलेश राजपूत सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

## कारसेवकों पर गोलियों की तड़तड़ाहट से गूंज गई थी आयोध्या

### जनपद निवासी तत्कालीन डीएम के कार्यकाल में हुई थी घटना, जीवन भर रहा उन्हें अफसोस

**हमीरपुर।** अयोध्या में दो नवंबर 1990 को बाबरी मस्जिद ढांचे को गिराने के लिए कारसेवकों का सैलाब उमड़ने पर गोलियों की तड़तड़ाहट से अयोध्या गूंज रही थी। जिसकी खबर रेडियो में सुन रहे फैजाबाद के तत्कालीन डीएम रामशरण श्रीवास्तव के छोटे भाई कृष्णशरण श्रीवास्तव सन्न रह गए। पूरा परिवार रो पड़ा था। क्षेत्र के पारा (कंडौर) गांव निवासी आईएएस रामशरण श्रीवास्तव मूलरूप से कुरारा क्षेत्र निवासी थे। 19 जुलाई 1987 को उन्होंने फैजाबाद में बतौर डीएम का कार्यभार ग्रहण किया। उसी समय राम मंदिर व बाबरी मस्जिद का विवाद जोरो पर था। उन्हीं के कार्यकाल में अयोध्या में कारसेवकों पर गोलियां चली थीं। जिसका उन्हें जीवन भर अफसोस भी रहा। उनके भतीजे रवि श्रीवास्तव ने बताया कि उस समय रेडियो में कारसेवकों पर गोली चलने की खबर सुनी थी। तो पूरा परिवार दंग रह गया था। जिसका सभी को बहुत दुख हुआ। बताया कि उनके कुशल क्षेम पूछने के लिए अपने एक रिश्तेदार डॉ. वीके श्रीवास्तव के आवास पर टेलीफोन लगा था। बताया कि काफी मशक्कत के बाद भाई से बात हो पाई, तब जाकर उन्हें सुकून मिला था। बताया कि उन्होंने राम जन्मभूमि व बाबरी मस्जिद को लेकर एक पुस्तक का विमोचन किया था। जिसे लोगों में पढ़ने के लिए वितरण किया गया था।

**कारसेवकों पर गोलीबारी का जीवन भर रहा अफसोस**

कृष्णशरण बताते हैं कि गोलीकांड के कुछ दिन बाद वह अयोध्या गए और उन जगहों का भ्रमण किया, जहां गोलीबारी हुई थी। जहां के दृश्य रोंगटे खड़े करने वाले थे। बताया कि उनके भाई को जीवन भर कारसेवकों पर हुई गोलीबारी का अफसोस रहा। बताया कि कारसेवकों पर फायरिंग उनके ऑर्डर से नहीं हुई थी। इसके बाद उन्हें हटाकर शिक्षा विभाग में तैनात कर दिया गया था। 1994 को वह सेवानिवृत्त हुए। इसके बाद सामाजिक कार्यों से जुड़े रहे। अपने पैतृक गांव पारा में इंटर कॉलेज की स्थापना की। साथ ही कस्बा कुरारा में डिग्री कॉलेज की स्थापना कराई। जिससे क्षेत्र के बच्चों को नजदीक शिक्षा मिल सके। वहीं वर्ष 2020 में उनका कानपुर में निधन हो गया।

## पत्नी से झगड़कर ठेकेदार फांसी पर झूला

### एकलौते पुत्र की मौत से मां बेहाल

**सुमेरपुर।** मंगलवार को अयोध्या से लौटे भवन निर्माण ठेकेदार ने गृह कलह के चलते छत के ऊपर बने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना का पता सुबह चल सका। मृतक के चाचा, मां ने ससुरालीजनों पर हत्या का आरोप लगाया है एकलौते पुत्र की मौत से मां का बुरा हाल हो गया है। फतेहपुर जनपद के चांदपुर थानाक्षेत्र के ग्राम परसेठा निवासी अतुल उर्फ सोनू प्रजापति 32 वर्ष कस्बे के बांकी मार्ग वार्ड संख्या 18 में मकान बनाकर पिछले 1 वर्ष से पत्नी के साथ रहता था। वर्तमान में यह अयोध्या में मकान निर्माण की ठेकेदारी कर रहा था। मंगलवार को यह अयोध्या से लौटकर आया था। रात में पत्नी पार्वती से झगड़कर यह सो गया था पत्नी के सोने के बाद यह चुपचाप उठा और छत के ऊपर बने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना



का पता सुबह पत्नी की आंख खुलने पर चल सका। पत्नी पार्वती ने घटना की सूचना ससुरालीजनो के साथ अपने मायके बांकी में दी। घटना की सूचना पाकर मृतक की मां गौरा देवी, चाचा रामकिशोर अन्य परिजनों के साथ मौके पर आए और पुलिस को सूचित किया। सूचना पाकर कस्बा इंचार्ज प्रेमचंद्र मौर्या मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल के बाद शव को फांसी से उतारकर मोर्चरी पहुंचाया। मृतक की मां गौरा देवी, चाचा रामकिशोर सहित अन्य परिजनों ने हत्या कर शव फांसी पर लटका देने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है मृतक के चाचा का आरोप है की बहू का चालचलन ठीक नहीं है उन्होंने बताया कि भतीजे का विवाह 18 फरवरी 2018 में बांकी गांव में हुआ था। शादी के बाद कुछ ही दिन में पत्नी से अलगाव हो गया था और मामला अदालत तक पहुंच गया था। इसके बाद सुलह होने पर फिर दोनों एक हो गए थे। उन्होंने बहू पर भतीजे की हत्या करने का संदेह जताते हुए पोस्टमार्टम के बाद मुकदमा दर्ज करने की बात कही है। थानाध्यक्ष राम आसरे सरोज ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का है अभी किसी ने कोई तहरीर नहीं दी है तहरीर मिलने के बाद जांच पड़ताल करके कार्यवाही की जाएगी।

## प्रोग्रेसिव एण्ड प्रैक्टिसिंग डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

**हमीरपुर।** प्रोग्रेसिव एण्ड प्रैक्टिसिंग डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव का शपथ ग्रहण समारोह जिला जजी सभागार में संपन्न हुआ। इस मौके पर नव निर्वाचित अध्यक्ष राजेन्द्र वीर सिंह चौहान एडवोकेट उनकी कार्यकारिणी ने पद व गोपनीयता की शपथ ली। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद न्यायाधीश विष्णु कुमार शर्मा व विशिष्ट अतिथि हाईकोर्ट इलाहाबाद वर्तमान सदस्य व पूर्व चेयरमैन बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश पांचूराम मौर्य एडवोकेट ने पद व गोपनीयता की शपथ दिलायी। इस मौके पर महामंत्री महेश प्रसाद प्रजापति, वारिष्ठ उपाध्यक्ष अवधेश कुमार गुप्ता, कनिष्ठ उपाध्यक्ष रामगोपाल सोनकर, कोषाध्यक्ष वीरेन्द्र बहादुर सिंह, संयुक्त मंत्री प्रशासन शादाब



हसन, संयुक्त मंत्री पुस्तकालय सरफरास खान, संयुक्त मंही प्रकाशन सुरेन्द्र प्रताप सिंह, बरिष्ठ सदस्य बृजनारायण द्विवेदी, रामनरेश पाल, महेश प्रसाद गुप्ता, सुरेशचन्द्र साहू, हरिशंकर, कनिष्ठ सदस्य शशिशरण, पुष्पेन्द्र कुमार, मोहसिन कमाल, स्वतंत्र सिंह पाल व कुमारी अराधना ने शपथ ग्रहण की। कार्यक्रम रंगारंग (संगीतमयी) रहा। महेन्द्र वीर सिंह व रामविशाल तबला बाधक द्वारा की गई भजन व संगीत की प्रसंशा उपस्थित लोगों ने की। राजेन्द्र वीर सिंह चौहान ने सभी का आभार प्रकट किया। संचालन संगठन के संरक्षक मनीराम वर्मा ने किया।

## दो बाइकें अपने सामने भिड़ीं होमगार्ड के साथ युवक हुये घायल

**सुमेरपुर।** बीती रात कोहरे के चलते बांकी मार्ग में दो बाइकें आमने सामने टकरा जाने से दो होमगार्डों के साथ दो युवक घायल हो गए। सभी को प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर किया गया। मंगलवार को रात करीब 8 बजे धरमपुर निवासी महेश कुमार 25 वर्ष अपने साथी संदीप 21 वर्ष निवासी घाटमपुर के साथ बाइक से गांव लौट रहे थे। वहीं बिवांर थाना क्षेत्र के बंडा गांव निवासी होमगार्ड सुदेश कुमार व राजेश कुमार बाइक से कस्बे में ड्यूटी करने आ रहे थे। बांकी मार्ग में कोहरे के चलते दोनों बाइकें आमने-सामने टकरा गईं। इस घटना में चारों गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद सभी को सदर अस्पताल रेफर किया गया।

## राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर चलाया सघन चेकिंग अभियान

### संदिग्ध व्यक्तियों व स्थानों की चेकिंग कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



**हमीरपुर।** आगामी अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा व गणतंत्र दिवस के दृष्टिगत बुधवार को एएसपी ने पुलिस टीम के साथ सघन चेकिंग अभियान चलाकर संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की तलाशी ली गई। जिले की संवेदनशीलता को देखते हुए अचानक प्रवेश मार्गों, सार्वजनिक स्थलों व होटल- धर्मशालाओं की सघन तलाशी का अभियान चलाया गया। अपर पुलिस अधीक्षक मायाराम वर्मा के नेतृत्व में थाना कोतवाली सदर पुलिस बल के साथ मुख्यालय के जिला अस्पताल, बस अड्डा व चौरा देवी मंदिर पर संदिग्ध व्यक्तियों/ स्थानों की चेकिंग कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। चौरा देवी मंदिर के प्रबंधन तथा सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत मंदिर के प्रधान पुजारी से वार्ता की गई। कस्बा के व्यापारियों/ दुकानदारों से वार्ता कर ऑपरेशन त्रिनेत्र के अंतर्गत अधिक से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगवाने हेतु प्रेरित किया गया ।

इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक, डॉग स्क्वाड व अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## जनता के सहयोग से ही 1990 में अयोध्या में उमड़ा था कारसेवकों का सैलाब

**सुमेरपुर।** जिस पुनीत कार्य के लिए अयोध्या की पावन भूमि में 10 दिन रहे और रात में पुलिस से बचते हुए 20 किलोमीटर खेतों की पगडण्डी में पैदल चलकर अयोध्या के कार्य सेवकपुरम पहुंचे थे, पुलिस की बर्बरता आखों से देखी थी पुलिस के हाथों मारे गए राम भक्तों के शव देख कर आंसू बहाए थे। वह कार्य जब पूर्णता की ओर है तब 33 वर्ष पुरानी यादें बरबस ताजा हो जाती हैं और रोम रोम सिहिर उठते हैं, कारसेवक बिदोखर निवासी मिथलेश कुमार द्विवेदी बताते हैं कि अयोध्या क्षेत्र की जनता के सहयोग से ही इतनी बड़ी संख्या में कारसेवक अयोध्या तक पहुंचने में कामयाब हो पाए थे उनमें से एक मीरपुर गांव के अर्जुन सिंह भी थे जिन्होंने तन मन धन से कारसेवकों की आवभगत की थीं, सबसे अधिक कारसेवकों अपने गांव में ठहराया और लगातार 10 दिन तक भंडारा आयोजित किया, घरों में ठहराया और रात में कार सेवको के साथ अयोध्या तक पहुंचाने में पूरी मदद की और जरा भी हतोत्साहित नही होने दिया, और अपने गांव से 100से अधिक कारसेवकों को हमलोगो के साथ अयोध्या भेजा था, उस समय लखनऊ से अयोध्या जाने वाले कारसेको को सोहावल स्टेशन में उतरने के निर्देश थे, वहां पर विहिप के कार्यकर्त्ता और चार साधू स्टेशन के बाहर लगे थे, वह धीरे से कारसेवक का परिचय जानकर उन्हे आगे जाने का संकेत देते थे, इस कार्य में मीरपुर गांव के निवासी अर्जुन सिंह ने महती भूमिका निभाई थी, उन्होने अपने गांव में गांव के लोगो को तैयार करके सर्वाधिक कारसेवको 10 दिन तक ठहराया था और सूझ बूझ से किसी कार सेवक को पुलिस की गिरफ्त में नही आने दिया था, और सकुशल अयोध्या भेजा था । इसी तरह से अयोध्या क्षैत्र के गांव गांव में ऐसे कट्टर राम भक्त सक्रिय थे जिनके सहयोग से अयोध्या में कारसेवको का भारी हुजूम पुलिस की सख्ती के बाद भी पहुंच गया था।

## ट्रैक्टर पर बैठा किशोर अनियंत्रित होकर गिरा, रेफर

**राठ।** क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर हुई मार्ग दुर्घटना में पांच लोग गिरकर घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां एक किशोर की हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया है।

जनपद जालौन के कुसमरा गांव निवासी 11 वर्षीय शिवम पुत्र चतुर सिंह ट्रैक्टर में बैठ कर खेत की ओर जा रहा था। तभी संतुलन बिगड़ जाने पर वह ट्रैक्टर से गिरकर घायल हो गया। स्वजन इलाज के लिए सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सक ने मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया है। वहीं जनपद महोबा के चंदौली गांव निवासी 34 वर्षीय प्रीतम पुत्र शिवपाल, मझगवां थाने के जराखर गांव निवासी 20 वर्षीय रवि पुत्र प्रकाश, कस्बे के सिकंदरपुरा मोहल्ला निवासी 6 वर्षीय आयुष पुत्र धरम, खुशीपुरा मोहल्ला निवासी 30 वर्षीय हेमंत पुत्र महेन्द्र मार्ग दुर्घटना में गिरकर घायल हो गए। घायलों को सीएचसी ले जाया गया।

## एसडीएम व सीओ की अध्यक्षता में हुआ कम्बल वितरण

**मौदहा।** क्षेत्र में कुछ दिनों से पड़ रही सर्दी और शीतलहर को देखते हुए व्यापार मण्डल के बैनर तले ईंट भट्ठा संघ व पेट्रोलियम गैस एसोसिएशन के व्यापारियों ने क्षेत्र के असहायों व गरीबों को कम्बल वितरित कर उन्हें शीतलहर से राहत दिलाने की कोशिश की है।

कस्बे के एक गेस्ट हाउस में ईंट भट्ठा संघ के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल व पेट्रोलियम गैस एसोसिएशन तथा व्यापार मंडल के अध्यक्ष अवधेश पालीवाल ने कम्बल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जिसके मुख्य अतिथि एसडीएम राजेश कुमार मिश्रा और क्षेत्राधिकारी श्रेयस त्रिपाठी रहे। जिसमे क्षेत्र के गांवों सहित कस्बे में तकरीबन एक हजार कंबलों का वितरण किया गया। इस समय क्षेत्र में ठिठुरन भरी सर्दी और शीतलहर से जहां आम जनजीवन अस्त व्यस्त है तो वहीं समाजसेवी असहाय व गरीबों को सर्दी से राहत दिलाने के लिए कम्बल वितरण कर रहे हैं, ताकि भीषण सर्दी से उन्हें राहत मिल सके। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी श्रेयस त्रिपाठी, नायब तहसीलदार, कानूनगो, सहित समाजसेवी अनिल पांडेय, महेश सोनी, आबाद अहमद, बाकर, शांतनु, अपर्णा सोनकर, सभासद शिवकुमार सोनी, सभासद अरविंद वर्मा, सभासद राजेश कुमार, जे के गुप्ता, मयंक गुप्ता, रामकिशन शिवहरे, वरिष्ठ सभासद इस्लाम उददीन, सभासद इश्तियाक मन्नू , इमरान सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

**दैनिक विश्व परिवार**

संस्थापक : कीर्तिशेष श्री कैलाश चन्द्र जैन
(पूर्व अध्यक्ष-राज्य विज्ञापन मान्यता समिति उ.प्र. शासन)
मुद्रक एवं प्रकाशक आलोक जैन द्वारा वीरांगना प्रिन्टर्स एण्ड पब्लिसर्श डी-46, इंडस्ट्रीयल एरिया बिजौली झांसी से मुद्रित एवं वीरांगना प्रिन्टर्स एण्ड पब्लिसर्श डी-46, इंडस्ट्रीयल एरिया बिजौली झांसी से प्रकाशित।
**सम्पादक : प्रवीण कुमार जैन**
स्वात्ताधिकारी : प्रियेश कुमार जैन,
समाचार सम्पादक : डॉ. जिनेन्द्र कुमार जैन
डाक पंजीयन एल. 2-12/516 आर.एन.आई. पंजी. सं. 35394/77
मो.-9450071632, 9415073930
E-mail : dvp.jhs@gmail.com

## संक्षिप्त समाचार

### शमशान घाट की शिकायत सीएम से की

**महोबा।** जलमग्न भूमि में घटिया सामग्री से शमशान घाट का निर्माण करने की शिकायत ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री उत्तरप्रदेश योगी आदित्यनाथ ने की साथ ही निर्माण कराने वालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की।
महोबा जिले के पनवाड़ी ब्लाक अंतर्गत रुरीकला गांव में शमशान घाट का निर्माण कार्य जिले के अधिकारियों की उदासीनता के कारण जलमग्न जमीन में गुणवत्ताहीन तरीके से लाखो की लागत से सड़क से कई फुट गहराई में गाटा संख्या 411 में निर्माण कार्य कराया जा रहा है जो बरसात के मौसम में पानी से लबालब भरेगा इससे परेशान समाजसेवी रजनीश कुमार त्रिपाठी ने बताया की घटिया सामग्री से शमशान घाट का निर्माण किया जा रहा है जिले के उच्च अधिकारियों से शिकायत की मगर कोई समाधान न होने पर मुख्यमंत्री पोर्टल में इसकी शिकायत की साथ ही कड़ी कार्यवाही की मांग की।

### मेले में कृषकों को किया जाएगा निःशुल्क बीज वितरण

**महोबा।** समस्त सम्मानित कृषकों को सूचित किया जाता है कि एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना अन्तर्गत दिनांक 19.01.2024 को स्थान-कृषि विज्ञान केन्द्र बेलाताल में किसान मेला गोष्ठी सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें शाकभाजी / मसाला बीज आपूर्ति करने वाली शासन द्वारा नामित संस्थाओं द्वारा अपनी इम्पैनल्ड कम्पनियों सहित शाकभाजी मसाला फसलों के बीजों सहित प्रतिभाग किया जायेगा।
अतएव जनपद मे सचाालत एकाकृत बागवानी विकास मिशन योजना तथा अनुसूचित जाति जनजाति कृषकों के औद्यानिक विकास की योजना अन्तर्गत शाकभाजी मसाला पुष्प क्षेत्र विस्तार के अन्तर्गत योजना का लाभ प्रदान करने हेतु इच्छुक कृषक स्वयं से सम्बन्धित अभिलेख यथा- आधार कार्ड, बैंक पासबुक, खतौनी तथा आनलाइन पंजीकरण पावती की छायाप्रति सहित 19 तारीख को कृषि विज्ञान केन्द्र बेलाताल में आयोजित होने वाले किसान मेला में एतिभाग करते हुये बीज प्राप्त करने का कष्ट करें।

### हर्षोल्लास के साथ मनाई गई गुरु गोविंद सिंह की जयंती

**महोबा।** बुधवार के रोज गुरु गोविंद सिंह जयंती के अवसर पर शहर के गुरुद्वारा में गुरु गोविंद सिंह की जयंती को प्रकाश उत्सव के रूप में बड़े हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया।गुरु गोविंद सिंह की जयंती के अवसर पर गुरुद्वारा में सिख समुदाय के लोगों ने सेवा एवं आदर भाव के साथ अरदास किया एवं उनके जीवन पर प्रकाश डाला।ततपश्चात सिख समुदाय द्वारा शहर में गुरु गोविंद सिंह की भव्य शोभायात्रा निकाली।शोभायात्रा में ढोल,नगाड़े एवं डीजे आदि शामिल रहे।गुरु गोविंद सिंह की शोभायात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष,बच्चों की उपस्थिति रही। गुरुद्वारा में एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर,सदर विधायक पं.राकेश कुमार गोस्वामी, भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश गुप्ता, पालिकाध्यक्ष डॉक्टर संतोष चौरसिया, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पीसीसी के पूर्व अध्यक्ष कुँवर राकेश सिंह, जिलाधिकारी मृदुल चौधरी, पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता,अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम कुमार, सी ओ सदर दीपक दुबे,सदर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक दुर्गविजय सिंह, सहित गड़मान्य नागरिको एवं समाजसेवियों ने मत्था टेका और आशीर्वाद प्राप्त किया।गुरुद्वारा परिसर में विशाल लंगर का आयोजन किया जहां पर हजारों की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

### प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में ग्यारह हजार द्वीप प्रज्ज्वलित किये जायेंगे

**पनवाड़ी, महोबा।** नेहरू इंटर कालेज पनवाड़ी के स्थापना के50 वर्ष वे स्वर्ण जयंती एवम अयोध्या में श्री राम प्राण प्रतिष्ठा के परिपेक्ष्य में22जनवरी दिन सोमवार को भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम किया जाएगा उक्त जानकारी स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ प्रमोद कुमार पाठक ने दी उन्होंने कहा कार्यक्रम शाम चार बजे से प्रारंभ होकर संध्याबेला तक चलेगा कार्यक्रम में प्रजापति ब्रह्म कुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय पनवाड़ी सेवा केंद्र एवम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, अखिल भारतीय विद्धार्थी परिसद एवम गायत्री परिवार तथा अन्य विचार परिवार के1लोग हिस्सा लेंगे नगर के गणमान्य नागरिक एवम प्रबंध कार्यकारिणी के पदाधिकारी प्रवन्धक डॉ सतीश गुप्ता तथा अध्यक्ष डॉ राजेन्द्र तिवारी पनवाड़ी के ग्राम प्रधान संजय द्विवेदी एवम ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि श्री प्रकाश अनुरागी व स्कूल के अध्यापक व छात्र छात्राएं भी उपस्थित होकर कार्यक्रम सफल बनायेगे साथ में सभी मीडिया से जुड़े लोग भी उक्त कार्यक्रम में शिरकत करेंगे

### सपा के पूर्व जिला अध्यक्ष की उपस्थिति में कबड्डी खेल का हुआ समापन

**महोबा।** जनपद महोबा के चरखारी कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम सालट में चल रहे पांच दिवसी मेले में कबड्डी खेल में बुंदेलखंड की तमाम टीमों ने भाग लिया, जिनमें टीकमगढ़, बांदा, जालौन उरई, महोबा की छेदीमऊ रैपुरा । आयोजित कार्यक्रम को संपन्न कराने के लिए जिला पंचायत सदस्य तथा समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष प्राण सिंह यादव तथा उनके साथ क्षेत्र के तमाम ग्राम प्रधान, ग्राम प्रधान नरेड़ी मंगल सिंह कुशवाहा, प्रधान मवई, ग्राम प्रधान पचपहरा, आदि लोगों की उपस्थिति में कबड्डी खेल समापन हुआ।

## गोहन पुलिस ने पांच शातिर चोरों को किया गिरफ्तार




**उरई जालौन।** पुलिस अधीक्षक जालौन के निर्देशन में चल रहे चेकिंग अभियान में गोहन थाना पुलिस को मिली बड़ी सफलता पांच शातिर चोरों को गिरफ्तार किया। थाना अध्यक्ष गोहन दिव्य प्रकाश तिवारी एवं प्रभारी चौकी ईंटों पुलिस बल के साथ मदरसा मोड ग्राम अजीतापुर में चेकिंग अभियान चला रहे थे उसी दौरान एक बोलेरो गाड़ी आई तलाशी के दौरान उसमें अदत 17 बैटरियां टावर वाली पाई गई पूछताछ करने पर पता चला कहीं से चोरी करके पांच अभियुक्त लेकर जा रहे थे। थाना अध्यक्ष गोहन दिव्य प्रकाश तिवारी ने देर ना करते हुए पांचो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी।उसी दौरान जब इनका आपराधिक इतिहास खंगाला गया तो अभियुक्त के खिलाफ कई संगीन धाराओं में अलग-अलग थानों में कई मुकदमा पाए गए। क्षेत्राधिकारी माधौगढ़ एवं थाना अध्यक्ष दिव्य प्रकाश तिवारी ने सफल अनावरण करते हुए कम समय में खुलासा कर दिया। अभियुक्तगण आशीष तिवारी पुत्र आजाद हिंद तिवारी निवासी ग्राम कुरेपुरा थाना गोहन, अमिताभ गौतम पुत्र आसाराम निवासी ग्राम आल थाना कुठौंद , पुष्पेंद्र पुत्र गजराज सिंह 89 ग्राम ऑल थाना कुठौंद जनपद जालौन, उमेश यादव पुत्र राजेंद्र सिंह निवासी ग्राम दोनापुर थाना कुठौंद सुरेंद्र पुत्र रामबाबू ग्राम मदारीपुर थाना कुठौंद जालौन के रहने वाले थे यह लोगों के खिलाफ कई मुकदमे अलग-अलग थानों में दर्ज हैं अब इनसे पूछताछ की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली टीम थाना अध्यक्ष दिव्य प्रकाश तिवारी, उप निरीक्षक प्रवीण कुमार मिश्र चौकी प्रभारी ईंटों, उप निरीक्षक लक्ष्मी प्रसाद, हेड कांस्टेबल अरविंद सिंह, कांस्टेबल रवि कुमार, कांस्टेबल मोहित, कांस्टेबल आदित्य कुमार, कांस्टेबल संतोष कुमार दुबे सहित मौजूद रहे।

## पार्टी के कार्यकर्ताओं की समस्याएं नहीं सुनते सांसद जी

- कार्यकर्ताओं की उपेक्षा लोक सभा का टिकट मिलने में बन सकती है बाधा

**उरई जालौन।** क्षेत्रीय सांसद जहां एक ओर उम्र व तीन बार से अधिक चुनाव लड़ने के चलते पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के तय मानकों से बाहर हैं। वहीं दूसरी ओर पार्टी के कार्यकर्ताओं की उपेक्षा भी उन्हें भारी पड़ सकती है। इतना ही नहीं कई कार्यकर्ताओं का तो यहां तक मानना है कि सांसद जी के पास पार्टी के कार्यकर्ताओं के पहुंचे पर नियम कायदों का वास्ता देकर टरकाया जाता है।
भाजपा ने जालौन, गरौठा, भोगनीपुर लोक सभा सीट से नए प्रत्याशी की तलाश शुरु कर दी है। क्योंकि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने जो टिकट देने के मानक तय किए है उसमें वर्तमान सांसद फिट नहीं बैठते। सबसे पहले पार्टी ने तय किया है कि 70 वर्ष के लोगों को चुनाव नहीं लड़ाया जाएगा। इसमें सांसद जी लगभग 70 के आसपास हैं। साथ ही तीन चुनाव जीतने वाले को भी अब चुनाव से दूर रखा जाएगा। सांसद जी 7 बार लोकसभा का चुनाव लड़ चुके हैं। यदि सूत्रों की मानें तो पार्टी ने जमीनी सर्वे भी कराया है, वह भी वर्तमान सांसद के खिलाफ जा रहा है। बता दें कि आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद भाजपा चुनावी समर में बड़ी तैयारी के उतरने का मन बना रही है। पाटी सूत्रों की मानें तो पार्टी ने प्रदेश की उन सीटों के प्रत्याशियों को बदलने का भी मन बना लिया है जो पार्टी कार्यकर्ताओं की अनदेखी करते है। इसमें क्षेत्रीय सांसद भी शामिल है। कुछ पार्टी कार्यकर्ताओं का कहना है कि जिन मामलों में इनके पुत्र संलग्न रहते हैं, वे सारे काम नियमानुसार होते हैं और यदि किसी कार्यकर्ता का कोई काम पड़ जाए तो सांसद जी नियम कायदें की बातें करने लगते हैं। पार्टी कार्यकर्ताओं की अनदेखी निश्चित रुप से सांसद जी को चुनावी टिकट के लिए भारी पड़ सकती है।

## वाहन चालकों को माला पहनाकर सड़क सुरक्षा नियमों की दी जानकारी



**उरई, जालौन।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत राजेश कुमार, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) प्रथम दल द्वारा जालौन के विभिन्न चैराहों,स्थानों पर थाना जालौन के पुलिस स्टाफ के सहयोग से वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी देते हुए अपील की गयी कि वे हेलमेट,सीट बेल्ट का प्रयोग करें, नशे की हालत में वाहन न चलाये व वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें, ओवर स्पीड में वाहन न चलायें, दुर्घटना में घायलों की सहायता करें, क्षमता से अधिक माल व सवारी न ढ़ोये जाने का अनुरोध किया गया। राजेश कुमार, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) प्रथम दल, जालौन नगर के समाजसेवी व बुन्देलखण्ड बस एसोसिएशन वेलफेयर के पदाधिकारी धर्मेन्द्र अपने साथियों के साथ उपस्थित रहे। उपस्थित सभी जनों के द्वारा मार्ग पर बिना सीट बेल्ट व बिना हेल्मेट के वाहन संचालन कर रहे चालकों से उनके परिवार व परिवहन विभाग की ओर से सीट बेल्ट व हेल्मेट का प्रयोग करने हेतु फूल माला पहनाकर अनुरोध किया गया साथ ही उपस्थित सभी जनों को सड़क सुरक्षा सम्बन्धी शपथ दिलाई गई।

## आयोध्या में कांग्रेसज नेताओं के साथ की गयी अभ्रदता को लेकर कांग्रेसजनों में आक्रोश

- गांधी प्रतिमा के नीचे रामधुन कर जताया घटना का विरोध कांग्रेसजनों ने



**उरई (जालौन)।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की महासचिव उत्तर प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के आव्हान पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष संजीव दरिया वादी पूर्व विधायक उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री जनपद जालौन प्रभारी राहुल रिछारिया के निर्देशन में शहर कांग्रेस कमेटी उरई एवं वरिष्ठ कांग्रेस जनों के तत्वाधान मैं 15 जनवरी 2024 को कांग्रेस नेताओं के साथ अयोध्या दर्शन हेतु गए हमारी ध्वज वाहक अनोखे लाल तिवारी की साथ श्रीराम मंदिर परिसर में भाजपा एवं संघ द्वारा अभद्रता की गई एवं पार्टी के ध्वज पैरों तले रौंद कर अपमान किया गया इस निंदनीय कृत्य की कांग्रेस पार्टी निंदा करती है और कांग्रेस पार्टी द्वारा आज मंलवार को गांधी चबूतरा गांधी प्रतिमा पर रामधुन का आयोजन किया गया ( ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सब को सन्मति दे भगवान) राम धुन के साथ शुद्ध बुद्धि हेतु ईश्वर से प्रार्थना प्रार्थना की गई ईश्वर और भाजपा और संघ के लोगों को सद्बुद्धि दे हिंसा छोड़कर अहिंसा के रास्ते पर चलने की ईश्वर से प्रार्थना की गई।
इस अवसर पर डॉक्टर रेहान सिद्दीकी, अयूब अंसारी, अशोक द्विवेदी, सिद्धार्थ दीवोलिया, राजकुमार वर्मा,, सुरजीत श्रीवास्तव, डॉक्टर शमीम खान, कासिम मंसूरी, देशराज वर्मा, आमिर खान, हरिश्चंद्र, गुड्डू रिजवी, सुरेश कुमार दीक्षित एडवोकेट, देशराज वर्मा, अमित पांडेया ऊसरगांव, अतीक खान सर, नरेंद्र कुमार प्रजापति भागे, हाजी मोहम्मद आला, शब्बीर अंसारी, राजेश बुधौलिया, बृजेश पांडेया, राजीव तिवारी, डॉक्टर हेमंत रिछारिया,, दूलीचंद्र विश्वकर्मा आदि कांग्रेस जंन रामधन कार्यक्रम में उपस्थित रहे।



## सामूहिक कन्या विवाह में ज्यादा से ज्यादा भागीदारी करे पाल समाज : सेवाराम पाल

**उरई (जालौन)।** अखिल भारतीय पाल महासभा शाखा जनपद जालौन के ब्लाक कोंच, के पदाधिकारियों कि बैठक बाबूराम पाल कोंच के हाथा कोंच मे आहूत कि गई बैठक कि अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सेवाराम पाल ने की जिला संरक्षाक बुद्ध सिंह दादा ने कहा कि सभी ब्लाक अध्यक्ष एवम उनके कमेटी बहुत ही मेहनत और लगन से कार्य करे उन्होने कार्य कार्यणी कि उपास्थि में खुशी जाहिर करते हुए कहा कि ऐसी ही ऊर्जा छेत्र बनाए रखना है। जिला अध्यक्ष सेवाराम पाल ने बताया कि अखिल भारतीय पाल महासभा के सगठन द्वारा सामूहिक कन्या विवाह हो रहे उनके अनुरूप मे सभी लोगो को ज्यादा से ज्यादा प्रचार करना है जिससे प्रत्येक गांव में सामुहिक शादियां कि खबर सभी लोगो तक पहुंच जाए जिसमे हम सभी संगठन के पदाधिकारियों को पूरी तनमयता से सहयोग करे जिससे कार्यक्रम को सफल हो,कालपी विधान सभा प्रभारी अतर सिंह पाल जिला पंचायत सदस्य ने कहा कि सामूहिक विवाह समारोह से कराने का फैसला बहुत ही अच्छा हम इसका स्वागत करते हैं उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह से सामाजिक समरसता बनती है और समाज में फैली दहेज रूपी दानव को खत्म करने में बल मिलता है आप सब लोग मेहनत करे सफलता आवश्य मिलेगी जिला महा मंत्री छोटेलाल पाल रगोली और जिला संगठन मंत्री जगदीश पाल ने कहा कि संगठन के पदाधिकारियों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि सच्ची लगन और मेहनत से जो व्यक्ति समाज की सेवा करता बह बहुत आगे जाता इसका उदाहरण कई लोग है जिन्होंने मन से समाज कि सेवा कि है बह आज बहुत आगे है उन्होनें संगठन को गांव स्तर जोडने पर जोर दिया समाज से सहयोग कि अपील कि बैठक में प्रभारी कोंच राम किशुन पाल जिला उपाध्यक्ष, बाबूराम पाल कोंच इंद्रजीत पाल युवा जिला अध्यक्ष मोहन सिंह पाल,जगमोहन सिंह पाल कदौरा , हरिदास पाल ब्लाक अध्यक्ष बशीथ, ब्रजभूषण पाल जिला उपाध्यक्ष, लालजी पाल ब्लाक अध्यक्ष कोंच, अरविन्द पाल प्रधान युवा ब्लाक अध्यक्ष, गुलाब सिंह पाल पूर्व प्रधान रोगी, वीर सिंह पाल, हरिमोहन पाल पचीपुरा श्रीपाल जमरोही, कल्याण सिंह पाल, रामलखन पाल छोटे लाल पाल, करनसिंह पाल छानी, चंद्रपाल चटसरी, मलखान सिंह पाल रोशन सिंह पाल चट्सरी, मुकेश पाल पचिपुरा दुष्यंत पाल सहित सैकड़ों लोगों कि संख्या में पाल समाज के सम्मानित लोग उपस्थित रहे।

## जन अधिकार पार्टी संपूर्ण भागीदारी यात्रा की पूर्ण तैयारी : पूर्व प्रत्याशी रामजी कुशवाहा



**उरई जालौन।** जालौन के ग्राम औरेखी में पूर्व प्रधान रामजी कुशवाहा पूर्व प्रत्याशी विधानसभा माधौगढ़ ने जानकारी देकर बताया कि हमारे ग्राम औरेखी में कल पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष जन अधिकार पार्टी बाबू सिंह कुशवाहा का आगमन हो रहा है जिसकी तैयारी हम लोगों ने पूर्ण कर ली है उनका जोरदार स्वागत किया जाएगा। जन अधिकार पार्टी के तत्वाधान में संपूर्ण भागीदारी यात्रा राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबू सिंह कुशवाहा जनपद जालौन में लेकर आ रहे हैं।वहीं ग्राम औरेखी में पूर्व प्रधान एवं पूर्व प्रत्याशी रामजी कुशवाहा ने पूर्ण तैयारी कर ली जहां पर उनका जोरदार स्वागत किया जाएगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबू सिंह कुशवाहा नारा लेकर प्रदेश में जिसकी जितनी संख्या भारी उसकी उतनी हिस्सेदारी के साथ पूरे प्रदेश में संपूर्ण भागीदारी यात्रा लेकर भ्रमण करेंगे। कान्हा टेंट हाउस में तैयारी कर रहे ग्राम औरेखी के लोग पूर्व प्रत्याशी माधौगढ़ विधानसभा रामजी कुशवाहा ग्राम प्रधान रामबाबू रजक, संतोष कुशवाहा, संजू बौद्ध, विशाल सिंह, सुनील कुशवाहा (पत्रकार) कान्हा टेंट हाउस मालिक,हेमंत कुशवाहा ,देवेंद्र दादा भाई,रिंकू कुशवाहा, मोहित कुशवाहा जी, करन सिंह कुशवाहा राम कुमार कुशवाहा, नरेश कुशवाहा, मंगल सिंह कुशवाहा, अनूप कुशवाहा, शकील ,मनीष कुशवाहा, रतन कुशवाहा ठेकेदार, राममोहन पाल, अंजनी कुशवाहा कोटेदार अन्य लोग मौजूद रहे।

## कानून के लम्बे हाथ! अपराधियों के विरुद्ध जीरो टालरेंस की नीति के तहत थाना कोतवाली नगर महोबा व जनपदीय स्वॉट/सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम ने

- षडयंत्र के तहत अपने ही घर के सामने ताबडतोड फायरिंग कराने वाले 6 पर मुकदमा
- कब्जे से भारी संख्या में अवैध तमंचा/जिन्दा कारतूस व नगद रुपये बरामद

**महोबा।** कोतवाली नगर महोबा क्षेत्रअन्तर्गत दिनांक 7 तारीख को सिंह भवानी मंदिर समदनगर के पास अज्ञात अपराधियों द्वारा फायरिंग किये जाने की सनसनीखेज घटना घटित हुई, घटना की वीडियो फुटेज विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर काफी तेजी से वायरल हुई थी। इस घटना के सम्बन्ध में वादिया ममता पत्नी विजय तिवारी निवासी समदनगर द्वारा 8 को थाना कोतवाली महोबा की मु0अ0सं0 18/24 धारा 307/ 504 /506 अभियोग पंजीकृत किया था।
पुलिस अधीक्षक महोबा, अपर्णा गुप्ता द्वारा उक्त सनसनी घटना का तत्काल संज्ञान लिया गया एवं अपराधियों के विरुद्ध जीरो टालरेंस की नीति के तहत घटना के अनावरण के लिए अपर पुलिस अधीक्षक, सत्यम व क्षेत्राधिकारी नगर, दीपक दूबे के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली स्वॉट एवं सर्विलांस पुलिस टीम के साथ संयुक्त पुलिस टीम का गठन करते हुए उक्त सनसनीखेज घटना के सफल अनावरण किये जाने हेतु क्षेत्र के विभिन्न सीसीटीवी फुटेज व अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्य संकलन करते हुए घटना का सफल अनावरण कर अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी किए जाने के स्पष्ट निर्देश दिए गये थे।
गठित हुई संयुक्त पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त के अनावरण हेतु विभिन्न सीसीटीवी फुटेज को खंगाला गया तथा विभिन्न साक्ष्यों का संकलन कर सुरागरसी पतारसी की गई। जिसके क्रम में पुलिस टीम को कुछ महत्वपूर्ण साक्ष्य प्राप्त हुए जिससे ज्ञात हुआ कि रात्रि जो सिंह भवानी मंदिर के पास समद नगर मे फायरिगं की घटना हुई थी वह सारी घटना राज तिवारी व उसकी बुआ जो छतरपुर म.प्र. की रहने वाली है जिसने छतरपुर से दो गाड़ियो से अपराधियो को लाकर फायरिंग की घटना कराई थी जिसमे संतोषी भी उन्ही गाड़ियो मे छतरपुर से महोबा आयी थी। यह घटना विपक्षी को फसाने के उद्देश्य से की गई थी। सभी अपराधी रात्रि मे ही उन्ही दोनो गाड़ियो से वापस छतरपुर की तरफ चले गये थे। इस जानकारी के आधार पर अभियुक्तों को चिन्हित किए जाने व उनकी गिरफ्तारी सुनिश्चित किये जाने हेतु गठित संयुक्त पुलिस टीम जनपद छतरपुर के लिये रवाना हुई व विभिन्न स्थानों में दबिश एवं सघन पूछताछ की गई।
इसी घटना को कारित करने वाले अपराधी घटना का माहौल जानने के लिये महोबा आये हुए थे, जिसकी सूचना महोबा पुलिस को हो गई जिस पर पुलिस टीम ने पुलिस लाइन के आगे रहेलिया सूर्य मंदिर मोड़ तिराहे पर अभियुक्तों की गिरफ्तारी किये जाने हेतु सघन चेकिंग आरम्भ कर दी। जिस पर एक चार पहिया गाड़ी लाल रंग की ब्रेजा कार आते दिखाई पड़ी, जिसको रोका गया जो पुलिस टीम को देखकर अपराधियों ने भागने का प्रयास किया, सभी को हिरासत में लेकर सघन पूछताछ की गई। अभियुक्तों की गिरफ्तारी व पूछताछ के आधार पर थाना कोतवाली नगर महोबा में पंजीकृत मुकदमा उपरोक्त में परिवर्तित धारा 307/195 /120बी भादवि का अभियोग पंजीकृत किया गया तथा अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस बरामदगी पर थाना सम्बन्धित अभियुक्तों के विरुद्ध थाना कोतवाली नगर महोबा में मु0अ0सं0 31/24 व मु0अ0सं0 32/24 मु0अ0सं0 33/24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया तथा बरामद चार पहिया मारुती सुजकी ब्रेजा कार को एमवी एक्ट के तहत सीज किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।
पूछताछ का विवरण
सभी व्यक्तियो से सामुहिक रुप से पूछा गया जिसमें संतोषी उर्फ संतोष तिवारी ने बताया कि मेरा मायका सिंह भवानी मंदिर के पास समद नगर महोबा मे स्थित है । राज तिवारी मेरा भतीजा है । जिसे कुछ पुरानी बातो को लेकर पडोस में रहने वाले व्यक्तियों से झगडा था जिन्हे फंसाने के लिये राज तिवारी के साथ षडयंत्र के तहत कुछ लड़को के साथ राज तिवारी के घर पर रात मे फायरिंग कराने तथा विरोधियो पर एक बड़ा मुकदमा लिखा देने से उनकी कमर टूट जायेगी। इसी योजना के तहत मैने छतरपुर म0प्र0 में रहने वाले कुछ अपराधी किस्म के लड़को को अपने घर बुलाया तथा आदमी अधिक होने के कारण लाल रंग की ब्रेजा कार नं. P 14 CY 7447 के अवाला एक स्विफ्ट डिजायर कार नं. MP 16 C 8377 जिसे कैलाश प्रजापति चलाकर लाया था हम सभी सात लोग दो गाड़ियो से छतरपुर से चलकर महोबा आये और हम सभी लोगो ने साजिश के तहत राज तिवारी के घर के सामने फायरिग करते हुये गाली व धमकी दिया । और फिर हम लोग, भाग कर अलग अलग गलियो से छतरपुर रोड अपनी गाड़ियो के पास आये और उन्ही दोनो गाड़ियो से हम सभी लोग वापस छतरपुर चले गये थे। इसी बीच महोबा पुलिस के जनपद छतरपुर म0प्र0 आने की भनक लग गई जिस पर हम लोग ने अपने-अपने फोन को फेक दिया एवं कई जगह भाग-भाग कर स्थान परिवर्तन कर पुलिस को गुमराह किया । आज पुनः हम लोग उक्त घटना का माहौल जानने के लिए जनपद महोबा आये थे कि आप लोगो ने पकड लिया ।
गिरफ्तार चन्द्रशेखर उर्फ कल्लू चौरसिया पुत्र दीप कुमार चौरसिया उम्र 30 वर्ष निवासी खोया मंडी के पास मलकपुरा थाना को0नगर महोबा हाल पता तमराई मुहल्ला थाना को0 सिटी छतरपुर म0प्र0 कब्जे से 01 अदद अध्दी 315 बोर 02 अदद जिन्दा कारतूस बरामद अंकित सेन उर्फ कतली पुत्र बबलू सेन उम्र करीब 24 वर्ष निवासी ग्राम सेवास थाना सिटी कोतवाली गढ़ा कोटा जिला सागर हाल पता कुझरेठी महल के पास छतरपुर (म0प्र0) कब्जे से 01 अदद तमंचा 315 बोर 1 अदद जिन्दा कारतूस बरामद नफीस खान पुत्र गयासीनट उम्र करीब 28 वर्ष निवासी छतरपुर विश्वनाथ कालोनी थाना को0 सिटी छतरपुर म0प्र0) कब्जे से 01 अदद तमंचा 315 बोर 01 अदद जिन्दा कारतूस बरामद।.नरेन्द्र सेन पुत्र कल्लन सेन उम्र करीब 28 वर्ष निवासी मोहल्ला कड़ा की बरिया के पास थाना को0 सिटी छतरपुर म0प्र0 राज तिवारी पुत्र विजय तिवारी उर्फ राजा बाबू उम्र करीब 20 वर्ष निवासी सिंह भवानी मंदिर के पास समद नगर महोबा.संतोषी उर्फ संतोष तिवारी पत्नी महेन्द्र तिवारी उम्र करीब 55 वर्ष निवासी विश्वनाथ कालोनी आरा मशीन के पीछे थाना को0 सिटी छतरपुर म0प्र0. लल्लन पाल पुत्र हरिचरन पाल निवासी टोरिया मोहल्ला छतरपुर म0प्र0 (वांछित) कैलाश प्रजापति।

## कड़ाके की शीतलहर व सर्दी में पालिका के अलाव नदारद

- शहर मुख्य भगतसिंह चौराहे पर भी नहीं अलाव जलाने की ब्यवस्था
- आखिर जिम्मेदार अधिकारी क्यों दिखा रहे सर्दी में लापरवाही



**उरई (जालौन)।** इस समय पड़ रही भीषण शीतलहर व सर्दी से बचाव से आम जनमानस को राहत पहुंचाये जाने के कड़े निर्देश जिला प्रशासन द्वारा नगर पंचायतों एवं नगर पालिका परिषदों को दिये गये थे कि आम राहगीरों को सर्दी से राहत दिलवाये जाने के लिए मुख्य-मुख्य चौराहों पर अलाव जलवाये जाने की व्यवस्था की जाये।इसके बाद भी नगर पालिका परिषद उरई के जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही के चलते प्रशासन के निर्देशों को ताक में रखकर इस भीषण शीतलहर में भी शहर के किसी चौराहे पर अलाव जलवाने की व्यवस्था की अनदेखी की जा रही है। यहीं कारण है शहर कोंच बस स्टैंड, जिला परिषद, कालपी बस स्टैंड, जिला अस्पताल गेट के अलावा शहर के मुख्य शहीद भगवसिंह चौराहा पर भी अलवा जलवाये जाने की ब्यवस्था नगर पालिका परिषद उरई के जिम्मेदारों द्वारा नहीं की जा सकी है।जिससे सड़कों पर निकलने वाले राहगीरों को सर्दी से राहत नहीं मिल पा रही है। जबकि मात्र कागजों में अलाव जलना पालिका द्वारा तो दर्शाया जा रहा है मगर धरातल पर कुछ भी नजर नहीं आ रहा है।



## परिवार परामर्श केन्द्र उरई में पांच परिवार को बिखरने से बचाया

**उरई जालौन।** महिला परिवार परामर्श टीम द्वारा 05 परिवारों के समझौते करा कर बिखरने से बचाया गया ।
महिला परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा द्वारा वैचारिक मतभेद की वजह से टूटने वाले परिवार के विवादों को निरन्तर सुना जा रहा है इन विवादों में महिला पुलिस अधिकारी व अन्य नामित सदस्यों द्वारा पति/पत्नी एवं अन्य परिजनों के मध्य उपजे विवाद मे उनकी काउंसलिग कर समझा बुझा कर बिखरने से बचाया गया , श्रीमती नीरज पत्नी राकेश नि0ग्रा0 जमओहा थाना लहार जनपद भिन्ड का (पति-पत्नी विवाद) समझौता ,श्रीमती मोहिनी पत्नी प्रताप नि0ग्रा0 मदारीपुर थाना कुठौन्द जनपद-जालौन का (पति-पत्नी विवाद) समझौता,श्रीमती सबाना खातून पत्नी मदार बख्स नि0मो0 नया पटेल नगर कस्वा व थाना कोंच जनपद जालौन का (पति-पत्नी विवाद) समझौता, श्रीमति पूनम पत्नी मुकेश नि0ग्रा0 नैनापुर थाना कुठौन्द जनपद-जालौन का (पति-पत्नी विवाद) समझौता, श्रीमति वंदना पत्नी मुकेश नि0मो0 पटेलनगर उरई थाना कोत0 उरई जनपद-जालौन का (पति-पत्नी विवाद) समझौता हुआ।

# ठंड का कहर: तीन राष्ट्रीय पक्षी मोरों की मौत, एक गंभीर



**झांसी(विश्व परिवार)।** पेड़ पर बैठे तीन राष्ट्रीय पक्षी मोर की अचानक मौत हो गई, जबकि चौथे मोर की हालत गम्भीर बताई जा रही है। मौत का कारण ठंड लगने की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल वन विभाग को सूचित कर दिया गया है।

मामला जनपद झांसी के टहरौली थानान्तर्गत ग्राम बमनुआ का है, जहां सुबह-सुबह स्थानीय क्षेत्रवासियों ने एक पेड़ के नीचे 4 राष्ट्रीय पक्षी मोर को बेहोशी हालत में देखा। इसकी सूचना थाने की पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और पशु चिकित्सक को बुलाकर परीक्षण कराया, जिसमें डॉक्टर ने तीन मोर को मृत घोषित कर दिया, जबकि चौथे की हालत गम्भीर बताई जा रही है, जिसे उपचार दिया जा रहा है। मोरों की मौत के कारण के पीछे ठंड लगने की आशंका जताई जा रही है।

## तापते समय गैरेज में लगी भीषण आग, मची भगदड़



*झांसी(विश्व परिवार)। झांसी में आग से तापते समय गैरिज में अचानक आग लग गई, जिससे वहां भगदड़ मच गई। स्थानीय क्षेत्रवासियों ने आग को बुझाने का प्रयास शुरु कर दिया। झांसी में एरच थाना क्षेत्र के कस्बे में रहने वाले भूरे हाफिज का गैरिज है। वह गैरिज से पेट्रोल और डीजल बेचने का भी काम करते थे। शाम को ठंड से बचने के लिए वह आग से ताप रहे थे। इसी दौरान अचानक उनके गैरिज में आग लग गई, जिससे वहां अफरा-तफरी मच गई। आग की लपटे देख आस-पास के लोग मौके पर पहुंचे और आग को बुझाने का प्रयास शुरु कर दिया। आग की चपेट में आने से गैरिज में रखा सामान जलकर खाक हो गया।*

# भगवान के अभिषेक पूजन के कुछ ही क्षणों बाद भगवान की शरण को प्राप्त हुए श्री सुरेश जैन वकील साहब

विनम्र श्रद्धांजलि



**झांसी (विश्व परिवार)।** निश्चल मुस्कुराहट, सदैव सादगी पसंद और दूसरों की देखा देखी चकाचौंध में आकर भौतिक विकास की दौड़ से परे सज्जनता का जीवन जीने वाले श्री सुरेश जैन वकील साहब अछरौनी वालों का असमय विदा ले जाना दुखद तो है ही एक धार्मिक सत्पुरुष का वियोग है जिसकी क्षति पूरी समाज महसूस कर रही है।

कीर्तिशेष सेठ गुलाब चंद्र जैन जी अक्षरौनी वाले के लगभग 63 वर्षीय सुपुत्र श्री सुरेश जैन अपने पांच भाइयों श्री रमेश जैन, राजेंद्र जैन ,आनंद जैन, सुनील जैन में एक थे ।सुभाषगंज चौराहे पर मैंने उन्हें किराने की दुकान चलाते देखा। पुण्य के वह बड़भागी थे, ऐसा इसलिए कह रहा हूं कि जब भी साधु संत आते प्रायः ध्वज हाथ में लेकर वह आगे चलते देखे जाते थे और धार्मिक प्रतियोगिताओं में सैकड़ो की भीड़ में उन्हें पुरस्कार अवश्य ही मिलता था इससे सिद्ध है कि वह स्वाध्यायी थे बड़ा मंदिर की शाम को स्वाध्याय सभा में भी उन्हें कई बार बैठे देखा है।

मंदिर समाज या बाहर कहीं भी मैंने उन्हें ऊंची आवाज में बोलते नहीं देखा उन्होंने एलएलबी की और प्रैक्टिस करते तो नहीं देखे गये लेकिन वकील साहब के नाम से जाने जाते रहे।

उनका बेटा सीमित और भतीजा यश दोनों ही सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में कार्य करते हैं। यूं तो देह प्राप्त हर एक को एक न एक दिन जाना ही होगा यह तय है, लेकिन जाते-जाते भी देव दर्शन और अभिषेक पूजन मिल जाए इसे कहते हैं सद्गति।

आज सुबह सुबह दिगंबर जैन पंचायती बड़ा मंदिर जी पहुंचे वहां धोती दुपट्टा पहनकर भगवान का अभिषेक किया और पूजन के बाद कुछ असहज महसूस करते हुए घर आए तो भगवान के घर से लौटे वकील साहब सदैव के लिए भगवान की शरण में पहुंच गए। मां जिनवाणी के अनुसार अंत समय में प्रभु स्मरण जन्म-जन्मों की साधना का सुफल होता है जिसे सुरेश जी भाई साहब ने प्राप्त किया है ।

उनकी धर्मपत्नी श्रीमती कल्पना जैन पुत्र पुत्रियां और भाइयों के भरे पूरे कुटुंब को यह वियोग गहन दुख और कष्ट का कारण है। दैनिक विश्व परिवार दुख के इन छणों में उनके प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिवार के धैर्य धारण की प्रार्थना प्रभु से करता है।

उनका अंतिम संस्कार बड़ागांव गेट मुक्तिधाम पर शाम को कर दिया गया जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने उपस्थित होकर श्रद्धांजलि दी।

**-प्रवीण कुमार जैन**



## तेज धमाके के साथ फटा गैस सिलिण्डर, दो घायल

**झांसी(विश्व परिवार)।** झांसी में तेज धमाके के साथ छोटा घरेलू गैस सिलेंडर धमाके के साथ फट गया, जिसकी चपेट में आने से दो लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए मऊरानीपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया, जहां से उन्हें झांसी मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया गया। घटना जनपद झांसी के लहचूरा थानान्तर्गत ग्राम नयागांव की है, जहां रहने वाले राजू के घर में सुबह घरेलू छोटे गैस सिलेंडर से खाना पक रहा था। इसी दौरान अचानक सिलेंडर में आग लग गई। यह देख घर में अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन में आग से जल रहे सिलेंडर को घर के बाहर निकाला। सिलेंडर में लगी आग को अभी बुझाने का प्रयास किया जा रहा था, तभी आग की लपटे तेज हो गई और तेज धमाके के साथ सिलेंडर फट गया, जिसकी चपेट में आने से दो लोग घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए मऊरानीपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया, जहां से हालत गम्भीर होने पर उन्हें झांसी मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया गया।

# सहकार भारती ने मनाया स्थापना दिवस, रोजगार के क्षेत्र में सहकार भारती की भूमिका के बारे में दी गयी जानकारी



**झांसी(विश्व परिवार)।** आज सहकार भारती झांसी विभाग के द्वारा सहकारिता दिवस के उपलक्ष में स्थापना दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश संगठन मंत्री डॉ. अरुण सिंह, विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष गजेंद्र, प्रदेश कोषाध्यक्ष शिवेंद्र, प्रदेश मंत्री के केओझा उपस्थित रहे। अध्यक्षता विभाग संयोजक अंचल अडजरिया ने की।

इस अवसर पर झांसी महानगर के उपाध्यक्ष सहित ललितपुर जिले से संतोष चौरसिया, बृजेश गुप्ता, नीलम सोनी, राजकुमारी बुंदेला उपस्थित रहे। झांसी ग्रामीण से वंदना कुशवाहा, उरई से उरई जिला अध्यक्ष उपेंद्र उपस्थित रहे । प्रारंभ में अतिथियों ने भारत माता एवं सहकार भारती के संस्थापक इनामदार के चित्र पर माल्यार्पण का एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया, तत्पश्चात सहकार भारती के विषय में विस्तार पूर्वक लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने में सरकार भारती की भूमिका सहकारिता के माध्यम से कृषि का विकास सहकारिता आंदोलन से गांव में होने वाले परिवर्तन गांव के विकास डेरी उद्योग के विकास मत्स्य रेशम बंबू सहित अन्य उद्योगों पर प्रकाश डाला गया। बताया गया कि सहकार भारती के माध्यम से किस तरह स्वयं का परिवार का एवं समाज का पालन पोषण कर उद्धार किया जा सकता है। उद्योग लघु उद्योग कुटीर उद्योग स्थापित करने में सहकार भारती लगातार लोगों की मदद कर रहा है। सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु भी सरकार भारती कार्यकर्ता निरंतर प्रयासरत हैं। किसानों को होने वाली खाद की समस्या बीज की समस्या को हल करने में भी सरकार भारती लगातार प्रयासरत है।

अब सहकारिता के माध्यम से गैस एजेंसी पेट्रोल पंप जैसे कारोबार भी सुलभ हो गए हैं। आप सभी सहकार भारती के सदस्य बन सहकार भारती से जुड़े, ऐसी अपेक्षा सभी ने की कार्यक्रम में सहसंयोजक प्रवीण एवं जिला महामंत्री उदय सोनी ने संचालन किया। आभार राजेंद्र सहरिया ने किया।

## कब्रिस्तान के कुयें में मिली सब्जी विक्रेता की लाश

**झांसी(विश्व परिवार)।** नवाबाद थाना क्षेत्र में स्थित कब्रिस्तान के कुएं में सब्जी विक्रेता का शव मिला, जिससे वहां हड़कम्प मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कुएं से निकालकर कब्जे में लिया और कार्यवाही की। मृतक का नाम करीब 58 वर्षीय मो. अनवर बताया गया। वह डड़ियापुरा शिवाजी नगर का रहने वाला है। परिजनों के मुताबिक उनकी सब्जी मंडी में दुकान है। रोज की तरह आज सुबह वह घर से निकले थे। इसके बाद लौटकर घर नहीं आए। इससे पहले उनकी खोजबीन की जाती उन्हें जानकारी हुई कि बस स्टैंड के पास स्थित कब्रिस्तान में एक शव पड़ा हुआ है नजदीक की टोपी और चप्पल है।

यह सुनकर जब मौके पर पहुंचे और शव को कुंए से बाहर निकाला तो उसकी शिनाख्त अनवर के रुप में हुई। उन्होंने कुएं में कुंदकर आत्महत्या क्यों की यह स्पष्ट नहीं हो सका। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## पत्नी से चल रहा था मुकदमा, सो फांसी लगाकर कर ली आत्महत्या

**झांसी(विश्व परिवार)।** प्रेमनगर थाना क्षेत्र में फांसी लगाकर रेलवे कर्मचारी ने आत्महत्या कर दी। मृतक का अपनी पत्नी से मुकदमा चल रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक का नाम लगभग 34 वर्षीय सचिन झा बताया गया। वह प्रेमनगर थानान्तर्गत ईसाईटोला का रहने वाला है। वह रेलवे वर्कशॉप में काम करता था। परिजनों के मुताबिक उसका अपनी पत्नी से विवाद चल रहा है जिसका मुकदमा कोर्ट में विचाराधीन है। जिस कारण सचिन परेशान रहता था। आशंका जताई जा रही है कि सचिन ने इसी कारण घर में फांसी लगा ली। जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# नारी शक्ति वंदन रन का झांसी के ऐतिहासिक दुर्ग से हुआ आगाज





**झांसी(विश्व परिवार)।** वीरांगना नगरी झांसी से आज नारी शक्ति वंदन रन का शुभारंभ हुआ। इस रन का शुभांरभ नारी शक्ति और शौर्य के प्रतीक ऐतिहासिक किले से हुआ जो यहां से आगे ग्वालियर, आगरा, वृदावन, फरीदाबाद से होते हुए राजधानी दिल्ली में प्रधानमंत्री रैली (करिअप्पा परेड ग्राउड) में 27 जनवरी 24 को समाप्त होगी।

इस दौड़ को उत्तराखंड निदेशालय की मेजर शशि मेहता द्वारा किया जा रहा है, जिसमें मेजर शशि मेहता लगभग 80 किमी प्रतिदिन दौडेगी। इस दौरान उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा तथा दिल्ली निदेशालय की 600 बालिका कैडिटो द्वारा उनका सहयोग किया जा रहा है। इस दौरान कैडेटस भी लगभग 2 से 5 किलोमीटर तक दौड़ेगी।

दौड़ को झांसी किले पर शहीद हवलदार रघुराज सिंह की पत्नी, संतोष कुमारी, निवासी मऊरानीपुर एवं शहीद नायक हरभजन एस सिंह की पत्नी, रक्षपाल कौर, निवासी नगरा, झांसी ने संयुक्त रूप से झण्डा दिखाकर रवाना किया।

कार्यक्रम, मेजर जनरल एम के माथुर, जनरल आफिसर कमांडिग, 31 आर्ल्ड डिवीजन तथा एनसीसी ग्रुप मुख्यालय कानपुर के ग्रुप कमाण्डर, ब्रिगेडियर संदीप पाल सिंह रौतेला, की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित किया गया। जनरल आफिसर कमांडिग ने कहा कि दौड़ का उद्देश्य नारी शक्ति चंदन और महिला और बालिकाओं को मानसिक एवं शारारिक रूप से सक्षम तथा विपरीत परिस्थितियों में साहस को न खोना एवं आत्मनिर्भर बनाना है।

गौरतलब है कि एनसीसी महानिदेशालय, नई दिल्ली निर्देशानुसार, एनसीसी द्वारा 75वें गणतंत्र दिवस का उत्सव मनाने के लिये नारी शक्ति वंदन रन का आयोजन किया जा रहा है। इस थीम को गणतंत्र दिवस की थीम के लिये चुना गया है। यह उभरती हुयी नारी शक्ति का प्रतीक है और भारतीय स्वतंत्रता के प्रथम संग्राम में रानी लक्ष्मी बाई के वीरतापूर्ण प्रयास को मान्यता देता है। नारी शक्ति वंदन थीम की झलक स्वतंत्रता दिवस परेड, नई दिल्ली में कर्तव्य पथ पर भी दिखाई देगी। एनसीसी ग्रुप मुख्यालय, कानपुर एवं उसके अधीनस्थ 56 यूपी बटालियन एनसीसी तथा 32 यूपी (गर्ल्स) बटालियन एनसीसी झांसी द्वारा नारी शक्ती वन्दन दौड का शुभारम्भ सफलता पूर्वक संपन्न हुआ।

# मकर संक्रांति पर्व के उपलक्ष्य में ब्रह्म विभूतियों का हुआ सम्मान, सामूहिक खिचड़ी पूजन सम्पन्न



**झांसी(विश्व परिवार)।** युवा ब्राह्मण महासंघ के तत्वावधान में मकर संक्रांति पर्व के उपलक्ष्य में ग्वालियर रोड स्थित श्री सिद्धेश्वर मंदिर में ब्रह्म विभूतियों का सम्मान समारोह एवं सामूहिक खिचड़ी पूजन का आयोजन सदर विधायक रवि शर्मा के मुख्य आतिथ्य एवं महासंघ के अध्यक्ष रवीश त्रिपाठी की अध्यक्षता में हुआ। विशिष्ट अतिथि के रूप में पं0 हरिओम पाठक उपस्थित रहे। सर्वप्रथम अतिथियों ने भगवान परशुराम जी के चित्र पर माल्यार्पण कर आरती की। तत्पश्चात् अतिथियों का स्वागत पीके उपाध्याय, मनोज पाठक, रजत त्रिपाठी, अखिलेश पाण्डेय आदि ने माल्यार्पण कर किया। मुख्य अतिथि रवि शर्मा ने कहा कि खिचड़ी की भाँति समाज में आपसी सामंजस्य बनाये रखने का आव्हान किया।

अध्यक्षता कर रहे रवीश त्रिपाठी ने कहा कि जिस प्रकार खिचड़ी में दाल, चावल अन्य खाने वाली सामग्री मिलकर स्वादिष्ट बन जाती है, ठीक उसी प्रकार समाज में सभी वर्गों को आपसी समन्वय बनाकर एकजुटता का परिचय देना चाहिए।

समारोह में ब्रह्म विभूतियों में जिला धर्माचार्य महन्त विष्णु दत्त स्वामी, भगवताचार्य हरिओम-थापक, मनोज चतुर्वेदी, आचार्य चिन्तामणि दुबे, राजाराम शास्त्री, पं0 जगदीश मिश्रा, विनोद समाधिया, डॉ0 प्रमोद शर्मा, रामेश्वर प्रसाद उपाध्याय, कालीचरन जारौलिया, हरिशंकर चतुर्वेदी, अखिलेश पाण्डेय, अरूण पचौरी, सुरेश खेवरिया, पीयूष रावत,धीरेन्द्र अवस्थी, राधे चौबे, डॉ0 गौरीशंकर उपाध्याय, सुरेन्द्र तिवारी, मनोज थापक, राघवेन्द्र पटसारिया, बन्टी दुबे, पंकज पाराशर एड0, कुलदीप शर्मा, प्रकाश बिदुआ, संगम शर्मा, पुरूषोत्तम बुधौलिया, राजेन्द्र तिवारी, महेन्द्र गोस्वामी डब्बू, चन्द्रप्रकाश मिश्रा, अविनाश नगाइच, श्रीमती सविता पचौरी, श्रीमती अर्चना दुबे, श्रीमती संध्या त्रिपाठी, संजीव दुबे सहित 101 ब्रह्म विभूतियों को महासंघ के अध्यक्ष रवीश त्रिपाठी, रवि शर्मा व पं0 हरिओम पाठक ने पीताम्बर एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। तत्पश्चात स्थानीय कलाकारों ने मनमोहन भजन प्रस्तुत किये।

इस अवसर पर कम्मू तिवारी, कमलेश मिश्रा, योगेन्द्र उपाध्याय, रोहित रावत, अमित रावत, राजेन्द्र पटसारिया, डॉ0 प्रदीप शर्मा, डॉ0 अविनाश शर्मा, प्रमोद तिवारी, विनोद अवस्थी, डॉ जितेंद्र तिवारी, पुरुषोत्तम स्वामी ,राजीव पाठक, ऋषभ त्रिपाठी, श्रीमती संध्या त्रिपाठी, अभिलाषा रावत, रागनी मिश्रा, अमृता मुदगिल, रीता शर्मा, प्रभा उपाध्याय आदि उपस्थित रहीं। समारोह का संचालन राजेश तिवारी ने किया। अन्त में सभी आगन्तुकों का आभार राजीव त्रिपाठी ने व्यक्त किया।

## नामावलियों का अन्तिम प्रकाशन 22 जनवरी के स्थान पर अब 23 जनवरी को किए जाने के निर्देश

*झांसी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री नवदीप रिणवा द्वारा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता दिनांक 01.01.2024 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण में नियत कार्यक्रम के अनुसार नामावलियों का अन्तिम प्रकाशन दिनांक-22.01.2024 के स्थान पर अब दिनांक 23.01.2024 को किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।*

सन्मति मेडिकल
सभी प्रकार की दवाईयाँ घर बैठे प्राप्त करें।
डॉक्टर को दिखाये और अपने दवाई के पर्चे को हमें WHATSAPP करें
नोटः एक माह की दवा लेने के लिए DISCOUNT दिया जाता है।
पता- गणेश मंदिर के पास, जैन साहब की चक्की, झाँसी
M.: 7309409464, 6388564560
समय की बचत
सही दवाइयों की प्राप्ति
फ्री होम डिलेवरी
पेट्रोल की बचत
उचित कीमत पर दवाइयाँ को घर बैठे प्राप्ति
FREE HOME DELIVERY
3 कि.मी. के दायरे में न्यूनतम बिल 500 रू.
UPTO 15 % DISCOUNT ON MEDICINE

# एसआर कॉलेज में मनाया गया राष्ट्रीय स्टार्ट अप दिवस



**झांसी(विश्व परिवार)।** एस. आर. ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूशन्स अम्बाबाय झांसी में गत दिवस राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस मनाया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि प्रोजेक्ट मैनेजर राइज झांसी स्मार्ट सिटी इन्क्यूवेशन सेंटर झांसी मिस्टर अंकित रजक ने राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुये कहा कि किसी भी विद्यार्थी को स्टार्टअप में किसी भी तरह का सहयोग राइज इन्क्यूवेशन सेंटर झांसी द्वारा प्रदान किया जायेगा। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने स्टार्टअप्स के लिये एक शक्तिशाली और गतिशील वातावरण बनाने के लिये 16 जनवरी 2016 को स्टार्टअप इंडिया पहल का उद्घाटन किया था। इस स्टार्टअप इंडिया पहल में भारत में स्टार्टअप इको सिस्टम को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वहीं स्टार्टअप मैनेजर राइज झांसी स्मार्ट सिटी इन्क्यूवेशन सेंटर झांसी मिस्टर अनिल वर्मा ने स्टार्टअप इको सिस्टम स्पोर्ट एवं विद्यार्थी वेस्ड स्टार्टअप के बारे में विस्तार से बताया।

कार्यक्रम में डायरेक्टर फार्मेसी डा. विवेक तोमर, प्राचार्य पालीटेक्निक डा. जितेन्द्र राय, डीन एकेडिमक इंजीनियरिंग डा. जितेन्द्र मोहन खरे, चीफ प्रोक्टर इं. सी. पी. सिंह समेत सभी विभागाध्यक्ष व प्रवक्ता मौजूद रहे। संचालन टेऋनिग एण्ड प्लेसमेंट हैड इं. अमित पार्या ने किया।

## रस्म उठावनी/देव दर्शन



बड़े दुःख के साथ सूचित कर रहे हैं कि मेरे सुपुत्र चिरंजीव संजय जैन का स्वर्गवास दिनांक 16 जनवरी को हो गया है। अतः रस्म उठावनी/देव दर्शन 18 जनवरी 2024 को दिन गुरुवार को निज निवास-88 के के पुरी, साहू की चक्की के पास, झांसी से श्री 1008 पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर दीनदयाल नगर पर संपन्न होगी।

शोकाकुल परिवार

पिता-विमल कुमार जैन

भाई-अखिलेश जैन, विजय जैन